संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, रविवार, 03 सितंबर 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आरोप पत्र लॉन्चिंग कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 234 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### आईआईटी दिल्ली में स्टूडेंट ने आत्महत्या की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में 21 साल के बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। 1 सितंबर की शाम को स्टूडेंट का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। स्टूडेंट की पहचान अनिल कुमार (21) के रूप में की गई है। वह आईआईटी दिल्ली में मैथमेटिक्स और कंप्यूटिंग साइंस के 2019-2023 बैच का स्टूडेंट था। अनिल आईआईटी दिल्ली के विंध्यांचल हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। जून में अनिल का कोर्स खत्म हो गया था। हालांकि, कुछ सब्जेक्ट्स में पास न होने के कारण उसे छह महीने के एक्सटेंशन पर रखा गया था।

**एग्जाम क्लियर नहीं होने से स्टूडेंट तनाव में था:** पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे की है। उन्हें फोन पर घटना की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई और स्टूडेंट को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, स्टूडेंट के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। माना जा रहा है कि एग्जाम क्लियर न होने की वजह से स्टूडेंट तनाव में था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पिछले दो महीने के दौरान आईआईटी दिल्ली में बीटेक के स्टूडेंट के आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। 8 जुलाई को आईआईटी दिल्ली के उदयगिरि हॉस्टल में फोर्थ ईयर के स्टूडेंट आयुष (20) ने कमरे में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया था।

# अब भारत का 'सूर्य नमस्कार'

= इसरो का आदित्य एल1 पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा, 16 दिन चक्कर लगाएगा, फिर 110 दिन में 15 लाख किमी दूर एल1 पॉइंट पर पहुंचेगा

**इतिहास रचा**

**8 इसरो ने आदित्य एल1 मिशन लॉन्च कर दिया, देश भर से बधाई का लगा तांता, राष्ट्रपति, पीएम ने दी बधाई**



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**चंद्रयान-3** की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य एल1 मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के एल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235*19500 के की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 की पहली ऑर्बिट राइजिंग 3 सितंबर को सुबह 11:45 बजे की जाएगी। पीएसएलवी रॉकेट ने आदित्य को 235* 19500 किमी की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा। 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा। फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये एल1 पॉइंट की ओर निकल जाएगा। 110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जरवेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा
थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को एल1 पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।

**लैगरेंज पॉइंट-1 (एल1) क्या है?**
लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में एल1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाती है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी से दोनों के बीच स्थिर रहता है और उस पॉइंट के आस-पास चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।
एल1 पॉइंट पर ग्रहण बेअसर, इसलिए यहां भेजा जा रहा।

### सूर्य की स्टडी क्यों जरूरी?

**जिस** सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

**सूर्य दो तरह से एनर्जी रिलीज करता है:** प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है।
प्रकाश, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का विस्फोट जिससे इलेक्ट्रॉनिक चीजें खराब हो सकती हैं। इसे सोलर फ्लेयर कहा जाता है। जब ये फ्लेयर पृथ्वी तक पहुंचता है तो पृथ्वी की मैंगनेटिक फील्ड हमें इससे बचाती है। अगर ये ऑर्बिट में मौजूद सैटेलाइटों से टकरा जाए तो ये खराब हो जाएंगी और पृथ्वी पर कम्युनिकेशन सिस्टम से लेकर अन्य चीजें ठप पड़ जाएंगी।

# घोटालों में घिरी भूपेश सरकार: अमित शाह

### कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2018 के घोषणापत्र के वादे झूठे निकले



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**छत्तीसगढ़** के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आरोप पत्र लॉन्चिंग कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत कई दिग्गज नेताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2018 के घोषणापत्र के वादे झूठे निकले आज न केवल जनघोषणा पत्र के वादे अधूरे हैं बल्कि छत्तीसगढ़ में माफिया राज व्याप्त हो चुका है, चारो ओर लूट और भय का माहौल है।

आरोप पत्र को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आरोप पत्र के माध्यम से हम पिछले पौने 5 साल में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए लूट को प्रदेश की जनता के बीच लेकर जाएंगे। आज केंद्रीय जांच एजेंसियां भी इस सरकार के भ्रष्टाचारों को प्रमाणित कर रही हैं, कोयले में 540 करोड़, पीडीएस में 600 करोड़, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 5000 करोड़ शराब में 2,161 करोड़, गौठान में 1300 करोड़ और गोबर तक में 229 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाली ये सरकार है अब तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली इस सरकार की संलिप्तता जुए और सट्टे में भी प्रमाणित हो गई है। इस भ्रष्ट भूपेश सरकार हो हम बहुत जल्द जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।

**दावा**

**8 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस को घेरा, सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे**

# दारा घर का बेटा सुबह का भुला शाम को घर आया: योगी

### आज पुनः अपना आशीर्वाद देकर विधायक चुनें। जिससे घोसी में पुनः विकास की नई इबारत लिखी जा सके: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/मऊ**
**सुबह** का भुला अगर घर शाम को घर आ जाए तो उसे भूला नहीं कहते बल्कि अपना बेटा मान कर अपना लेते हैं। कुछ इसी अंदाज में दारा चौहान घर वापसी किए हैं। आज पुनः अपना आशीर्वाद देकर विधायक चुनें। जिससे घोसी में पुनः विकास की नई इबारत लिखी जा सके। उपरोक्त बातें घोसी विधानसभा उपचुनाव के दौरान बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा। जनसभा की शुरूआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह धरती ऋषि मुनियों, तपस्वियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर रसावतार महाकवि पंडित श्याम नारायण व विकास की इबारत लिखने वाले कल्पनाथ राय की धरती को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा पूरा देश व दुनिया जब संकट के समय में होती है तब केवल एक नेता की तरफ देखती है वह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।



**वोट की अपील**

**8 जब संकट के समय में होती है तब केवल एक नेता की तरफ देखती है वह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं**

### ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट... एएसआई ने 56 दिन और मांगे

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**ज्ञानवापी** सर्वे की रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई ने वाराणसी कोर्ट से 8 हफ्ते यानी 56 दिन का समय मांगा है। इसके लिए एएसआई ने वाराणसी जिला जज अजय कुमार विश्वेश की कोर्ट में एक एप्लिकेशन दी है। अब 8 सितंबर को जिला जज इस पर सुनवाई करेंगे। बता दें कि एएसआई को वाराणसी कोर्ट में पूरी सर्वे रिपोर्ट पेश करनी थी।






# कांग्रेस मंत्री कहते हैं कि जेसीबी भाजपा नेताओं की नहीं, कांग्रेस नेताओं की लगेगी : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की वर्तमान कांग्रेस सरकार आपदा को संभालने में विफ ल साबित हो रहे है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस सरकार बनी है तब से 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद हो चुके हैं और अब तो हद ही होगी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी जिसके पास 140 से अधिक महाविद्यालय थे उनमें से बड़ी संख्या में महाविद्यालय काट दिए गए हैं, अब इस संस्थान के पास केवल तीन जिलों के महाविद्यालय हीं होंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।



कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री केवल खबरें बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, जब खबरें बनती नहीं तो कोई ना कोई संस्थान बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री कार्यालय में एक और पद बनाया गया है, इसकी नोटिफि केशन भी हुई है। आपदा की घड़ी चल रही है पर सरकार के खर्चा कम नहीं हो रहे हैं। वह ओएसडी, राजनीतिक सलाहकार, सीपीएस की बड़ी फ ौज पहले ही खड़ी है। अब तो सरकार और लोन लेने जा रही है पता चला है कि बड़ी जल्द 500 करोड़ का एक और लोन यह सरकार लेने वाली है। कांग्रेस सरकार कुप्रबधन की सरकार है।उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में प्रदेश भर में सडक ठप पड़ी है और उनको खोलने का काम अभी तक धरातल पर शुरू नहीं हुआ है। जहां भाजपा के लोग अपनी जेसीबी मुफ्त देकर रोड खोलना चाह रहे हैं, तो उनके युवा मंत्री साथ ही निर्देश महक में क देते हैं कि भाजपा के किसी भी कार्यकर्ता की जेसीबी कम पर नहीं लगेगी। केवल मात्र कांग्रेस की ही लगेगी, क्या आपदा में भी कोई एलिजिबिलिटी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में तालमेल की बहुत बड़ी कमी है, अभी तक आपदा में कितना नुकसान हुआ उसको लेकर कांग्रेस के आंकड़े भी स्थिर नहीं है। मुख्यमंत्री कुछ कहते हैं, तो मंत्री कुछ और ही कहते हैं।

आज तक प्रदेश में कभी ऐसा नहीं हुआ कि राशन डिपो से राशन खत्म हो गया हो, एक जगह डीजल के रेट बढ़ाकर महंगाई को बढ़ावा दे रहे हैं और दूसरी जगह राशन डिपो में राशन की कमी से जनता को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा की राजिंद्र राणा का पत्र सोशल मीडिया पर आया है उस पर कांग्रेस को गंभीरता से काम करना चाहिए। पत्र में बाते तो गंभीर है।

# मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत उपायुक्त ने 64 आवेदन भेजे बैंकों को

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने प्रदेश के युवकों को रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना को फिर से सुचारू कर दिया है। बड़ी बात तो यह है कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत डीआईसी की डीएलसी डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी ने 64 आवेदन पर अंतिम मोहर भी लगा दी है। डीएलसी के अध्यक्ष डीसी सिरमौर के द्वारा इन आवेदनों के स्वीकार किए जाने के बाद तमाम केस अलग-अलग बैंकों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए भेज दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन बेरोजगारों को अपना उद्योग धंधा लगाने के लिए यह ऋण मिलेगा उनको जिला उद्योग केंद्र तमाम तरीके की तकनीकी जानकारियां भी उपलब्ध कराएगा। हिमाचल



प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान का खुद कहना है कि प्रदेश का हर नौजवान न केवल रोजगार लेने वाला बल्कि रोजगार देने वाला भी होना चाहिए। बताना जरूरी है कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 60 लाख तक का ऋण आवेदन किया प्रोजेक्ट हेतु लिया जा सकता है। यही नहीं 40 लाख तक के ऋण पर 3 वर्ष तक 5 फीसदी की अतिरिक्त छूट भी दी जाती है। एससी-एसटी रिजर्व कोटा के लिए 35 प्रतिशत सामान्य वर्ग पुरुषों के लिए 25 फीसदी महिलाओं के लिए 35 तथा विधवा महिलाओं के लिए भी 35 फीसदी छूट का प्रावधान रखा गया है। अब यहां यह भी बता दें कि जिला सिरमौर में 64 आवेदनों में कुछ युवाओं के द्वारा फूड प्रोसेसिंग यूनिट होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय के लिए तथा स्मॉल गुड्स कैरियर आदि हेतु आवेदन किए हैं। जिला उद्योग महाप्रबंधक साक्षी सती का कहना है कि कि 64 आवेदनों के साढ़े 7 करोड़ रुपए के ऋण की स्वीकृति बैंको को भेजी गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगारों युवकों को खुद का रोजगार लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग संबंधी तमाम तरह की जानकारियां लेने हेतु कोई भी युवक जिला उद्योग केंद्र में कभी भी संपर्क कर सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### गल्फ ऑयल इंडिया ने गल्फ सुपरफ्लीट सुरक्षा बंधन अभियान के 5वें संस्करण के साथ ट्रक चालकों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया मजबूत

**शिमला:** गल्फ ऑयल ल्यूब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड ने अपने बहुप्रशंसित गल्फ सुपरफ्लीट सुरक्षा बंधन अभियान की वापसी की घोषणा की है जिसका अब यह लगातार पांचवां साल है। भारत में हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन मनाए जाने के बीच गल्फ भी लॉजिस्टिक्स उद्योग की रीढ़ ट्रक ड्राइवरों के स्वास्थ्य,सुरक्षा और



संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ कर रही है। यह हमारी ह्यूमन फर्स्ट ब्रांड होने की सोच के अनुरूप है जो सिर्फ उत्पाद .समाधान से आगे बढ़कर अपने उपभोक्ताओं के जीवन पर सार्थक असर डालने का प्रयास है।इस साल का अभियान इन बहादुर ट्रकिंग नायकों के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित जीवन को बढ़ावा देने के लिए गल्फ की दृढ़ प्रतिबद्धता की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है जो बिना रुके वाणिज्य के पहियों को आगे बढ़ाते हैं।गल्फ ऑयल ल्यूब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी,रवि चावला ने कहा ट्रक ड्राइवर लॉजिस्टिक्स उद्योग के गुमनाम नायक हैं जो देश भर में माल की निर्बाध डिलीवरी करते हैं।उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद उनके स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की बात अक्सर पीछे रह जाती है।गल्फ सुपरफ्लीट सुरक्षा बंधन अभियान के जरिये हमारा लक्ष्य इन मेहनती लोगों को स्वच्छ,सुरक्षित पेयजल तक पहुंच प्रदान कर सुरक्षा कवच प्रदान करना है।यह पहल इस बात को रेखांकित करती है कि हमारी कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता न सिर्फ हमारे उत्पादों में उत्कृष्टता प्रदान करने प्रति है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के प्रति भी उतनी ही दृढ़ है। गल्फ ऑयल ल्यूब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग प्रमुख अमित घेजी ने कहा गल्फ में हम ट्रक ड्राइवरों के अथक समर्पण और मेहनत के बहुत आभारी हैं जो हमारे देश की प्रगति के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में काम करते हैं।जो चुनौतियां उनके दैनिक जीवन का हिस्सा है उन्हें स्वीकार करते हुए हमें गल्फ सुपरफ्लीट सुरक्षा बंधन अभियान के सीजन 5 की शुरुआत करने पर बहुत गर्व है। इस साल की पहल के तहत उन्हें शुद्ध पेयजल के आवश्यक प्रावधान मुहैया कराए जाएंगे। इस अभियान के पिछले 4 साल में हमने ट्रक ड्राइवरों को जीवन की चुनौतियों जैसे कि कोविड के खिलाफ टीकाकरण,बीमा सहित स्वास्थ्य देखभाल पैकेज आदि के मामले में सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास किया है। हमें पूरी उम्मीद है कि यह प्रयास राष्ट्र और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में उनके असाधारण योगदान के प्रति हमारे आभार को बल देगा।

### रॉयल ऑर्किड और रीजेंटा होटल्स का रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोघी में शुरू हुआ

**शिमला**: रॉयल ऑर्किड और रीजेंटा होटल्स ने एलिगेंस और आतिथ्य को फिर से परिभाषित करते हुए शिमला के सुरम्य हिल स्टेशन शोघी में एक नई प्रॉपर्टी लॉन्च की ।रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोघी एक विशेषता वाला आश्चर्यजनक प्रतिष्ठान है जिसमें कुल 44 उत्कृष्ट डिजाइन वाले कमरे हैं जो मेहमानों को विलासिता और प्राकृतिक वैभव के उत्तम मिश्रण का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करते हैं।रॉयल ऑर्किड और रीजेंटा होटल्स ने शिमला में अपनी चौथी प्रॉपर्टी स्थापित कर एक प्रमुख आतिथ्य श्रृंखला के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है और इस क्षेत्र में विस्तार किया है। चंदर के बालजी चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रॉयल ऑर्किड एंड रीजेंटा होटल्स ने कहा हिमाचल प्रदेश मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रखेगा। शिमला शहर से आते हुए मैंने इस क्षेत्र की सुंदरता की पेशकश को देखा है। शोघी अपने आप में एक प्राकृतिक आकर्षण होने के कारण यह हमारे लिए इस क्षेत्र में अपनी तीसरी प्रॉपर्टी खोलने का एक स्पष्ट विकल्प था। आतिथ्य उद्योग में अपनी व्यापक यात्रा में हम अपने मेहमानों को प्रसन्न करने पर पहले से कहीं अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ हम रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोघी का अनावरण करते हुए उत्साहित हैं जो विलासिता और प्राकृतिक वैभव को बढ़ाता है।शिमला की प्राचीन सुंदरता के बीच स्थित रीजेंटा रिजॉर्ट मार्स वैली व्यू शोघी एनएच 5 तक आसान पहुंच और मुख्य राजमार्ग से 200 मीटर की दूरी पर एक सुविधाजनक स्थान पर स्थित है।आकर्षण को बढ़ाते हुए यह प्रॉपर्टी विस्तृत पार्किंग स्थान दिखाती है हरा.भरा प्राकृतिक नजारा,एक रूफटॉप कैफे और एक खुला बगीचा जो अपने मेहमानों को शहर की हलचल से एक शांत मुक्ति प्रदान करता है।

# उप-शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा अधिकारी अनिल कौशल ने संभाल अपना कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

उप-शिक्षा निर्देशक उच्च शिक्षा अनिल कौशल ने हमीरपुर में अपना कार्यभार संभाल लिया है उनके कार्यभार संभालते ही सारा काम सुचारू रूप से शुरू हो गया है अनिल कौशल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख का तेरे दिल से अभयार व्यक्त किया है।

अनिल कौशल ने कहा है कि शिक्षा विभाग में जो भी कमियां होगी उनको दूर किया जाएगा और हम शिक्षक स्तर को शिखर की बुलंदियों पर ले जाएंगे उन्होंने कहा कि हम सभी शिक्षा



विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करेंगे

# 16 सितंबर को फागू गोदाम में होगा ईवीएम मशीनों का निरीक्षण

**बैठक**

**8 नेगी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में बैठक की**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने गत दिवस अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में बैठक की। उन्होंने बताया कि ईवीएम/वीवीपैट का निरीक्षण 16 सितम्बर 2023 से फागू गोदाम में प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक किया जाएगा और निरीक्षण के



दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वह ईवीएम/वीवीपैट मशीनों के निरीक्षण के दौरान अपने कार्यकताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि ईवीएम मशीनों के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मॉक पोल भी करवाया जाएगा ताकि मतदान के दौरान पारदर्शिता बनी रहे और स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण संभव हो सके। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा गोदाम की सुरक्षा के प्रबंध किए जाएंगे और ईवीएम/वीवीपैट गोदाम पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। आदित्य नेगी ने बताया कि ईवीएम/वीवीपैट निरीक्षण प्रक्रिया के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा, राज्य निर्वाचन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सुन्नी में मनाया जा रहा पोषण माह

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुन्नी हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 सितम्बर 2023 से पोषण अभियान की शुरूआत की गई है और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बसंतपुर स्थित सुन्नी में तथा कार्यालय के अधीन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण माह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का विषय है। सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है। उन्होंने बताया कि पोषण माह का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी से इस



अभियान को लागू करना है ताकि कुपोषित और अल्प कुपोषित बच्चों को इसके कुचक्र से बचाया जा सके तथा एक स्वस्थ, सशक्त एवं साक्षर भारत का निर्माण किया जा सके। उन्होंने बताया कि महिलाओं व किशोरियों में हो रही एनीमिया निगरानी के लिए इस माह विभिन्न स्थानों पर खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पांच पोषक तत्वों जिसमें विटामिन, काबोर्हाइड्रेट, खनिज, प्रोटीन और वसा शामिल हैं, से परिपूर्ण भोजन के नियमित सेवन करने पर बल दिया जाता है ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर तरीके से हो सके।

# सीएमओ चंबा के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में दो लोग अरेस्ट

**चंबा:** सीएमओ ऑफिस चंबा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी के सीएमओ के नाम पचास हजार लेने के मामले में विजिलेंस विभाग ने दो लोगों को अरेस्ट किया है। एएसपी अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि कनिका डॉयगनॉस्टिक सेंटर में उळ स्कैन मशीन लगाने के नाम पर ही सीएमओ ऑफिस के आउटसोर्स कर्मचारी ने पचास हजार की रकम सीएमओ के नाम हासिल की थी।

बहरहाल इसकी भनक लगने पर इस संदर्भ में विजिलेंस विभाग ने सीएमओ की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी।

# दशहरा कमेटी के उपाध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने की दशहरा बैठक की अध्यक्षता



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त एवं कमेटी के उपाध्यक्ष ने आज अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव 2023 की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होने कहा कि स्टाल के लिए प्लॉट आबंटन सितंबर पहले हफ्ते में होगा इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा चुकी हैं। तंबोला को रथ मैदान में चलाया जाएगा।

फूड कोर्ट के लिए स्टाल आवंटन में 50 प्रतिशत नॉमिनेशन तथा 50 प्रतिशत खुली बोली से किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष रेहड़ी फड़ी, व तंबोला 7 दिनों के बाद लगाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो कला केंद्र में समय न मिलने वाले कलाकारों के लिए प्रदर्शनी मैदान में एक अतिरिक्त मंच की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने के ऑडिशन अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 15 अंतर्राष्ट्रीय दलों के अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के दल भी भाग लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष दशहरे को एक नया कलेवर देते हुए सांस्कृतिक परेड एवं कुल्लू कार्निवाल का भी आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक परेड शुभारंभ के दूसरे दिन आयोजित होगी तथा कुल्लू कार्निवाल समापन समारोह के दिन आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न संस्थाओं व विभागों के थीम आधारित आकर्षक टैबल्यू को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था सुचारू बनाने में पुलिस, होम गार्ड, के साथ एनएसएस के स्काउट्स भी अपनी भूमिका निभाएंगे।

# 16वें सूत्रधार मल्हार उत्सव को लेकर जोरो-शोरो से तैयारियां

**कार्यक्रम**

**8 इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियों का समावेश रहेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

इन दिनों सूत्रधार कला संगम कुल्लू के सूत्रधार भवन में 16वें सूत्रधार मल्हार उत्सव को लेकर बड़े जोरो-शोरो से तैयारियां चली हुई है और कलाकारों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब



है कि निस्वार्थ भाव से कला संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विगत 46 वर्षों से निरंतर रूप से कार्यरत हिमाचल प्रदेश की अग्रणी संस्था सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन-भादों माह में होने वाली वर्षा ऋतू से सम्बन्धित मल्हार उत्सव का आयोजन 3 सितम्बर रविवार को देव सदन कुल्लू के सभागार में किया जा रहा है द्य कार्यक्रम का आयोजन सायं 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बतलाया कि इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में वर्षा ऋतू से सम्बन्धित गीतों पर आधारित गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियों का समावेश रहेगा द्य 16वें सूत्रधार मल्हार उत्सव के संगीतमयी कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों सहित बॉलीवुड कलाकारा शिवी आर कश्यप की विशेष प्रस्तुतियां रहेगी।

# डॉ. राजीव बिंदल ने किया मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा 15 अगस्त, 2023 को देशभर में मेरी माटी-मेरा देश अभियान का शुभारंभ हुआ। देश के अमृतकाल में माटी का वंदन अभियान सार्थक एवं नितांत आवश्यक प्रतीत होता है। मेरा यह मानना है कि यह अभियान मात्र अभियान नहीं है, जन जागरण है। भारत के इतिहास पर हम जब दृष्टिपात करते हैं तो इस धरती माता की रक्षा के लिए हर काल में लाखों-लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया। तब जाकर भारत माता आज एक हजार साल की गुलामी के बाद भी भारतीय



संस्कृति को समेटे हुए जीवित है। भारत वो देश है जहां बलिदानियों की पूजा हुई है। जहां इस धरती माता के लिए मर मिटने वालों के सदा-सदा मेले लगते हैं और इस धरती का उपभोग करने वालों को भारत का समाज कभी श्रद्धा की दृष्टि से नहीं देखता। महाराणा प्रताप आज इसलिए पूजनीय है क्योंकि उन्होनें गुलामी को स्वीकार नहीं किया और भारत माता की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर किया। गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज इसलिए पूजनीय हैं कि उन्होनें धर्म की रक्षा हेतु विश्व का सबसे बड़ा बलिदान पिता का बलिदान, स्वयं का बलिदान, चारों पुत्रों का बलिदान दिया। सरदार भगत सिंह, राजगुरू, चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दश्र, अशफाक उल्ला खांए स्वतंत्र वीर सावरकर, नेता सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपतराय, रानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, कृष्णदेव राय, छत्रसाल, रानी गाईडिल्यु, बिरसा मुंडा भगवान जैसे हजारों बलिदानियों के नाम लिए जा सकते हैं जिन्होनें इस माटी की सौगंध खाकर अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए देश की रक्षा की।

अमृतकाल की बेला में जब देश ने यह संकल्प लिया कि हमें भारत माता का खोया हुआ गौरव पुर्नस्थापित करना है और भारत को विश्व की महाशक्ति के रूप में खड़ा करना है, ऐसे समय पर माटी का वंदन समय की आवश्यकता है। देश का प्रत्येक व्यक्ति भारत माता के प्रति, भारत की माटी के प्रति अपनी श्रद्धा, अपनी भावना को अर्पित करे। वो एक चुटकी माटी करोड़ों-करोड़ों परिवारों से एकत्र होती हुई दिल्ली पहुंचे और वहां पर भावनाओं से ओत-प्रोत उस माटी से अमृतवन का निर्माण हो और एक देशभक्ति का ज्वारभाटा पूरे देश में फैले। भारत माता के आंचल की एक चुटकी मिट्टी लेने के साथ-साथ हम पांच प्रकार का संकल्प उस भारत माता के सामने कर रहे हैं।

# सरकारी बस चालक के पिता की मृत्यु सुनने के बाबजूद भी यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ पेशेवर दायित्वों के निर्वहन की जो मिसाल हिमाचल पथ परिवहन नौगाम (एचआरटीसी) नाहन के चालक ने पेश की है। उसे सुनकर हर किसी का दिल पसीज गया। हुआ यूं कि वीरवार सुबह सवारियों से भरी एचआरटीसी की बस को लेकर जब चालक कमल ठाकुर नाहन से कुहंट के लिए चले थे तो सब कुछ रोजमर्रा की तरह सामान्य था। रास्ते में घर से लगातार फ ोन आ रहे थे, मगर ड्राइव करते हुए फ ोन पर बात नहीं हो सकती थी।



इसलिए कमल ठाकुर ने ददाहु पहुंचने पर बस के ठहराव के बाद वापिस घर फ ोन किया। फ ोन पर दिल को झकझोरने वाला समाचार मिला कि उनके पूज्य पिता जी की अकस्मात मृत्यु हो गई है। जिसके बाद चालक कमल ठाकुर की आंखों में आंसू थे और दिल में पिता को हमेशा के लिए खो देने की अथाह पीढ़ा। बस के परिचालक सचिन कुमार ने तुरंत निजी टैक्सी वाले को बुलाया और कमल ठाकुर को सरकारी बस वहीं छोडकर टैक्सी से तुरंत घर जाने की बात कही। मगर सामने खड़ी निजी टैक्सी में बैठने से ठीक पहले अचानक कमल ने पीछे मुडकर बस की तरफ देखा जो बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं आदि सवारियों से पूरी भरी हुई थी और परिचालक से पूछा कि अब इस बस को गंतव्य तक कौन पहुंचाएगा। परिचालक ने जवाब दिया कि ये सभी सवारियां किन्हीं दूसरी बसों में चली जायेगी फिलहाल इस बस के लिए चालक की व्यवस्था नहीं हो सकती है।

# मोदी सरकार का प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा, घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कटौती: देशराज शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

भाजपा हमीरपुर जिला के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा की रक्षाबंधन के त्योहार पर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 200 रू घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। इसी प्रकार उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सिलेंडर 400 रु सस्ता मिलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय का हम स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को केंद्र सरकार से सीखना चाहिए कि किस प्रकार से जनता के पक्ष में काम किया जाता है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश भर और प्रदेश को राहत देने का कार्य कर रहे हैं वहीं वर्तमान कांग्रेस सरकार डीजल में वैट बढ़ोतरी कर प्रदेश में महंगाई को बढ़ावा दे रही है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश भर में 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन भी बांटेगी। उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक घर में

**तोहफा**

**8 उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सिलेंडर 400 रु सस्ता मिलेगा। इस निर्णय का हम स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं।**



एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश गृहिणी सुविधा योजना का शुभारंभ किया गया था। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना को 26 मई 2018 को लांच किया गया था। इस योजना के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए थे। केंद्र सरकार द्वारा भी ऐसी ही एक योजना का संचालन किया जाता है जिसका नाम उज्जवला योजना है। उज्जवला योजना के माध्यम से भी निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश ग्रहणी सुविधा योजना के माध्यम से उन ग्रहणीयो को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं जो केंद्र सरकार की उज्जवला योजना के दायरे में नहीं है। गृहिणी सुविधा योजना के संचालन से हिमाचल प्रदेश देश का पहला एलपीजी युक्त एवं धुआं मुक्त राज्य बना है। इसके अलावा धुएं से होने वाली बीमारियों से भी महिलाओं को निजात मिली है। प्रदेश में उज्जवला योजना के अंतर्गत 21.81 करोड़ रुपए की लागत से 1.36 लाख निशुल्क घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं एवं हिमाचल प्रदेश सरकार की ग्रहणी सुविधा योजना के माध्यम से 120 करोड़ रुपए की लागत से 3.23 लाख ग्रहणीयो को गैस सिलेंडर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा की वैश्विक एलपीजी बेंचमार्क दाम अप्रैल 2020 से अप्रैल 2022 के दौरान 303: बढ़ गई थीं तब मोदी सरकार इस दौरान देश में एलपीजी की कीमतें केवल 63: बड़ाने दी। यह दिखाता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने किस प्रकार से जनता को रात देने के लिए उत्तम कार्य किया।

## डीएवी स्कूल चंबा में श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य पर वेद मंत्र उच्चारण सप्ताह पूर्ण आहुति से हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**




शनिवार को को डीएवी विद्यालय चम्बा में श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य पर वेद मंत्रों उच्चारण के अन्तिम दिवस पर विद्यालय में यज्ञ के ब्रह्मा पंकज शास्त्री द्वारा वैदिक यज्ञ के अन्तिम दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें अध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। यज्ञ के यजमान विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया रहे। उन्होंने सभी को महर्षि दयानंद सरस्वती तथा उनके द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश एवं वेदों के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। यज्ञ के उपरान्त सभी को प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को श्रीमद् भागवत गीता का सार पुस्तकों का वितरण किया गया। श्रावणी पर्व तथा वेद मंत्र उच्चारण के उपलक्ष्य पर विद्यालय से रविवार को प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्यालय के शिक्षक वृन्द अन्य कर्मचारी तथा छात्रगण भाग लेगें।

## न्यूज फ्लैश

### शक्ति पम्पस को मिला 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर

**शिमला:** सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में अग्रणी शक्ति पम्पस के खाते में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है कंपनी को हरियाणा में ग्रीन एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी से 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मिला है। यह वर्क ऑर्डर हरेडा द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण कुसुम स्कीम.3 के अंतर्गत मिला है। शक्ति पम्पस के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा कि हम किसानों और हरेडा टीम को उनके विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। इस प्रयास के माध्यम से किसान सोलर एनर्जी का उपयोग करके पानी और बिजली बचाने के साथ साथ माइक्रो इरिगेशन की मदद से कृषि में और अधिक विकास कर सकते हैं। यह प्रयास पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति शक्ति पम्पस की वचनबद्धता के अनुसार है और किसानों को कई फायदे भी पहुंचाता है।शक्ति पम्पस इनोवेशन और एक्सीलेंस के मामले में लगातार सबसे आगे रहा है। कुसुम योजना फेस 1 और फेस 2 के लिए पम्पस के सप्लायर होने के साथ ही फेस.3 के लिए किसानों द्वारा शक्ति कंपनी का चयन करना कृषि में नए परिवर्तन को दिखाता है। शक्ति पम्पस ने पहले और दूसरे चरण के दौरान पूरे हरियाणा में 13000 से अधिक पम्पस इंस्टॉल किए है और अब इस क्रम में 7700 पम्पस और जोड़े जाएंगे। कुसुम योजना के माध्यम से सोलर पम्पस लगाने से भारतीय कृषि जगत में एक नए युग की शुरूआत हुई है। सौलर पंप टेक्नोलॉजी को अपनाकर किसान प्रसन्न दिख रहे हैं और हमें खुशी है कि हम उनकी इस पहल का हिस्सा है।शक्ति पम्पस कुसुम स्कीम.3 के माध्यम से एक नया परिवर्तन शुरू करने की तैयारी कर रही है जिससे भारतीय किसान नई तकनीक के द्वारा भारत को विश्वस्तर पर नई पहचान दिलाएंगे।

### मैक माय ट्रिप फाउंडेशन बनी मसीहा

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

मेक माय ट्रिप फ उंडेशन व रोटरी क्लब मनाली के सहयोग से हिमाचल में आपदा के बाद जब स्थानिय वासिंदों ने अपना सब कुछ खो दिया और हताश हो कर सिर्फ नीली छतरी वाले के सहारे का इंतजार कर रहे थे तो ऐसे समये में मैक माय ट्रिप फ उंडेशन ने रोटरी क्लब मनाली ने साथ मिल कर इन लोगों को फि र से छत और मूल भूत सुविधाएं देने का बीड़ा उड़ाया जिस में समाज सेवी व नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर के अथक प्रयास से देश की पर्यटन व्यवसाय में अपनी पैठ बना चुकी मैक माय ट्रिप फ उंडेशन ने इन बेघर हुए लोगों की फि र से पुनर्वास की पहल की है मनाली में लोगों को टेंट व अन्य समान वितरित करने के पश्चात चमन कपूर के साथ आज यह देव दूत छोटी काशी मंडी के सरकाघाट में अपनी नि:स्वार्थ सेवाएँ प्रदान कर रहे है आज इन्होंने सरकाघाट में बेघर हुए लोगों को टेंट व अन्य मूलभूत सुविधाएं भेंट कर सब कुछ गवां चुके लोगों में जीने की आस प्रदान की मैक माय ट्रिप फ उंडेशन ने रोटरी क्लब मनाली को हिमाचल में आपदा में अपना सहयोगी बनाया है चमन कपूर ने कहा की वह मैक माय ट्रिप फ उंडेशन व रोटरी क्लब मनाली का धन्यवाद करते है जहां आज तक सब कुछ गवां चुके लोग अभी तक आस लगाए बैठे थे की कोई उन की सुध लेगा पर महीना बीतने को आया पर कोई इन की मदद को नहीं आया ऐसे में मैक माय ट्रिप फ उंडेशन आगे आया और इन के सहयोग से आज दर्जनों लोगों को लाखों के टेंट व अन्य समान वितरित किया गया है और आने वाले दिनों में हिमाचल के अन्य स्थानों में भी हर जरूरत मंद की मदद की जाएगी उन्होंने कहा कि यह राजनीति करने का समये नहीं है इस समये हर एक को आगे बढ़ कर इस आपदा में अपना सब कुछ खो चुके की हर संभव मदद करना उदेस्य होना चाहिए आओ इस आपदा में हम मिल कर अपनों की मदद करें।

### मणिमहेश यात्रा में तीस समितियों को मिली लंगर लगाने हेतु न्यास की मंजूरी

**प्रशासन से हरी झंडी मिलते ही तैयारी के साथ भरमौर पहुंचने लगे संचालक**

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के लिए विभिन्न पड़ावों पर लगने वाले लंगरों के लिए आए आवेदनों में से तीस को मणिमहेश न्यास ने अनुमति प्रदान कर दी है। साथ ही न्यास एवं उपमंडलीय प्रशासन ने इन समितियों को तय शर्तों व नियमों की भी सख्ती से पालना करने की सख्त हिदायत दी है। अब समितियों को प्रशासन की ओर से मिली हरी झंडी के बाद लंगर लगाने के लिए आवश्यक वस्तुओं को लेकर इनके ट्रक भरमौर पहुंचने आरंभ हो गए है। उल्लेखनीय है कि मणिमहेश यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर अलग-अलग राज्यों की समितियों की ओर से लंगर लगाए जाते हैं। मणिमहेश यात्रा में हर वर्ष 80 से 90 लंगर विभिन्न स्थानों पर लगाए जाते है। वहीं इस वर्ष सात सितंबर से अधिकारिक तौर पर आरंभ हो रही मणिमहेश यात्रा में लंगर लगाने के लिए 30 समितियों को न्यास एवं प्रशासन की ओर से अब तक अनुमति प्रदान कर दी है। जबकि अभी भी भरमौर स्थित एसडीएम कार्यालय में लंगर समितियों के आवेदन अनुमति के लिए पहुंच रहे है।

## पूबोवाल टॉवर से बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हरोली के पूबोवाल में टॉवर से बैटरियां चुराने के मामले में पुलिस ने दूसरी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभिषेक निवासी धर्मकोट जिला मोगा, पंजाब के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि 26 जून की रात को पूबोवाल टॉवर से चोरों द्वारा बैटरियां चोरी की जा रही थी, तो पुलिस द्वारा पीछा किया गया, लेकिन चोर झाडि?ों में अपनी गाड़ी व चोरीशुद्धा बैटरियां छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गये थे। मामले में हरोली पुलिस ने 13 जुलाई को चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया था, जो अब तक पुलिस हिरासत रिमांड पर है। जबकि दूसरी साथी फरार था। अब पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह का दूसरा आरोपी अभिषेक को पंजाब से गिरफ्तार किया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने चोरी गिरोह के दूसरे सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है।

## जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधाओं को ठेंगा

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**



जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर यात्रियों को जिन्हें लंबी दूरी का सफ र तय करना होता है या स्थानीय रूटों पर चलने वाली बसों का इंतजार करना होता है ऐसी बस के इंतजार की सवारियों को बस स्टैंड के कॉरिडोर में लगे लगभग 15 बैंचों में बैठकर किसी बस का इंतजार करना हो तो वह यात्री भूल जाए कि उन्हें इन बैंचों में बैठने को जगह मिलेगी। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए यहां पर आरामदायक बेंच उनके बैठने के लिए लगाए गए हैं, लेकिन इस बस स्टैंड पर बस के इंतजार करने वाले यात्रियों का दुर्भाग्य है कि उन्हें सुबह 10 बजे के बाद और शाम को 5 बजे तक इस बस स्टैंड के कॉरिडोर में लगे बैंचों पर बैठने पर बैठने को कभी जगह नहीं मिलेगी, क्योंकि यहां पर हमेशा ही छात्र.छात्राओं का इन बैंकों पर कब्जा रहता है। उल्लेखनीय है कि जोगिंद्रनगर शहर में कई अकादमियां व शिक्षण संस्थान है जहां पर हजारों बच्चे शिक्षक ग्रहण कर रहे हैं, जिन बच्चों को फ रलो मारने की आदत हो वह यहां पर पूरा दिन आराम से बिताते हैं। यहां पर बैठने के साथ-साथ कूलर का ठंडा पानी, पंखों की ताजी हवा और फ्र ी वाई-फ ाई व शौचालय की सुविधा मिल जाती है जिस कारण पूरा दिन मोबाइल चला कर वक्त गुजर जाता है, ऐसी हालत में यात्रियों को खड़े होकर ही बसों का इंतजार करना पड़ता है और अनावश्यक भीड़ का भी सामना करना पड़ता है। यहां पर 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं लेकिन यात्रियों की इस सुविधा को लेकर इन्हें कोई लेना देना नहीं है। कुछ यात्रियों ने स्थानीय प्रशासन व निगम के आला अधिकारियों से कहा है बेकार मैं यहां बैठने वाले लोगों को रोका जाना चाहिए ताकि यात्रियों को बैठ कर बस इंतजार करने की सुविधा मिल सके।

## समूर खुर्द में अवैध शराब की 29 पेटियां बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



जिला मुख्यालय के साथ लगते समूर खुर्द में पुलिस ने एक कार से अवैध शराब बरामद की हैं। पुलिस ने कार चालक से 29 पेटियो अवैध शराब की बरामद की हैं। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

जानकारी के मुताबिक बंगाणा पुलिस शुक्रवार देर रात समूर खुर्द में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक गाड़ी की तलाशी ली। तलाशी लेने पर पुलिस ने गाड़ी चालक से अवैध शराब की 29 पेटियां बरामद की, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## 4 अंब में बंद रहेगी बिजली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

132 केवी उप केंद्र अंब में मरम्मत तथा करंट ट्रांसफार्मर कार्य हेतु 4 सिंतबर को 11 केवी फीडर की बिजली पूर्ण रुप से बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता ई. अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को 132 केवी का मरम्मत कार्य के चलते बिजली सुबह 9 से 5 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव सिद्धपुर, कोयारचन, धुसाड़ा, पंजोह, अंब, सोनालिका व जोवर में बिजली बंद रहेगी।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जारी वित्तवर्ष में 41 करोड़ 18 लाख किए जा रहे व्यय: विधानसभा अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत जिला में 49 हजार 865 पात्र पेंशन धारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 41 करोड़ 18 लाख की धनराशि से विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। कुलदीप सिंह पठानिया बचत भवन में आयोजित जिला कल्याण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सामाजिक सेवा क्षेत्र को विशेष अधिमान देते हुए जिला के लिए 2088 नए पेंशन मामले स्वीकृत किए हैं। इसके तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत 180 पेंशन मामले, वृद्धावस्था पेंशन 1605, राष्ट्रीय विधवा पेंशन 25, विधवा पेंशन 158 और अपंग पेंशन के तहत 220 शामिल किए गए है।बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लंबित 1568 नए पेंशन मामलों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान विकलांग छात्रवृत्ति योजना के तहत 12 लाख की आवंटित धनराशि को प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों के अनुसार व्यय करने की अनुमति प्रदान करने के साथ अंतजार्तीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत 4 लाख, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 15 लाख, गृह निर्माण योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में आवंटित बजट के अनुरूप 1 करोड़ 65 लाख रुपए की धनराशि को भी व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान विभाग द्वारा अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 47 हजार 659 पात्र पेंशन धारकों को 76 करोड़ 12 लाख की धनराशि पेंशन स्वरूप प्रदान की गई।

## आपदा के समय में लोगों के निरंतर संपर्क में रहें राजस्व कर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**



भारी बरसात के कारण आई प्राकृतिक आपदा एवं इससे प्रभावित लोगों को तुरन्त राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की दृष्टि से फ ील्ड में तैनात पटवारी एवं कानूनगो नियमित तौर पर लोगों के साथ संपर्क बनाए रखें। यह बातें एसडीएम जोगिंद्रनगर ने पटवारी एवं कानूनगो के साथ आयोजित बैठक में कहीं उन्होने कहा कि ग्रामीण स्तर पर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को सरकार की ओर से मिलने वाली राहत सामग्री को तुरन्त पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में उपमंडल जोगिंद्रनगर के विभिन्न पटवार सर्कलों में तैनात राजस्व कर्मी पटवारी नियमित तौर पर स्थानीय लोगों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के संपर्क में रहें। इस मौके पर तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा भी विशेषतौर पर मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि बरसात के कारण उपमंडल के विभिन्न गांवों में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान ग्रामीण स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को समयबद्ध शुरू करवाने में राजस्व कर्मियों के प्रयास सराहनीय रहे हैं। उन्होने सभी कर्मियों को निर्देश दिये कि बरसात से प्रभावित परिवारों को मिलने वाली राहत एवं बचाव सामग्री तथा आर्थिक सहायता का वे समयबद्ध मूल्यांकन सुनिश्चित बनाएं ताकि प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाई जा सके।

साथ ही आपदा से प्रभावित कोई भी पात्र व्यक्ति या परिवार अछूता न रहे इस बात को भी सभी सुनिश्चित बनाएं। इसके अतिरिक्त आपदा प्रभावितों का कोई भी मामला लंबित न रहे इस बारे भी सभी राजस्व कर्मियों को निर्देश दिये।

## कांग्रेस सरकार के जनविरोधी फैसलों को जनता के बीच ले जाएंगे: निहाल चंद

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



भारतीय जनता पार्टी के मंडी जिला के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी शिमला में पार्टी शीर्ष नेतृत्व से मिलने के बाद अब संगठन के काम में जुट गई है। आने वाले दिनों में सभी कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएगी और राज्य की कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों को भी जनता के बीच रखेगी। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह शब्द कहें। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने जो वायदे चुनाव से पूर्व जनता के साथ किए थे उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ है जिससे जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है जबकि केंद्र सरकार की योजनाएं लोगों को लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के त्योहार पर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 200 रू घटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफ ा दिया है। इसी प्रकार उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सिलेंडर 400 रु सस्ता मिलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय का हम स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को केंद्र सरकार से सीखना चाहिए कि किस प्रकार से जनता के पक्ष में काम किया जाता है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश भर और प्रदेश को राहत देने का कार्य कर रहे हैं वहीं वर्तमान कांग्रेस सरकार डीजल में वैट बढ़ोतरी कर प्रदेश में महंगाई को बढ़ावा दे रही है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश भर में 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन भी बांटेगी। उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक घर में एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश गृहिणी सुविधा योजना का शुभारंभ किया गया था। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना को 26 मई, 2018 को लांच किया गया था। इस योजना के माध्यम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए थे। केंद्र सरकार द्वारा भी ऐसी ही एक योजना का संचालन किया जाता है जिसका नाम उज्जवला योजना है। उज्जवला योजना के माध्यम से भी निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश ग्रहणी सुविधा योजना के माध्यम से उन ग्रहणीयो को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाते हैं जो केंद्र सरकार की उज्जवला योजना के दायरे में नहीं है। गृहिणी सुविधा योजना के

## सैयद दिलदार अली शाह की याद में 6 सितंबर को चौगान में रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

चंबा चौगान नंबर 5 में जिला अंजुमन इस्लामिया मरहूम दिलदार अली शाह की याद में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि चंबा के विधायक नीरज नैयर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। यह जानकारी जिला अंजुमन इस्लामिया चंबा के सदर सैयद डॉ इसरार अली शाह ने दी। उन्होंने बताया कि अंजुमन इस्लामिया द्वारा दिलदार अली शाह की याद में लगाए जाने वाला यहचौथा रक्तदान शिविर है पर इस बार इसका आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यह रक्तदान शिविर चलेगा उन्होंने कहा कि मरहूम दिलदार अली शाह ने अपने जीवन काल में समाज सेवा तथा आपसी भाईचारे को महत्व दिया है उनके कार्यों में चंबा का गरीब मुस्लिम समुदाय के बच्चों को धार्मिक शिक्षा ग्रहण करने तथा कट्टरवादिता का पाठ पढ़ाने से रोकने के लिए तथा आपसी भाईचारा कायम करने के लिए चंबा के राजपुर में जामिया जमालिया इस्लामिया स्कूल खोला जहां बच्चों को दीनी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा व्यवस्था का भी पुख्ता प्रबंध किया है।

**रक्तदान शिविर**

**8 रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।**

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस रक्त दान शिवर को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग मिलेगा उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने हवाई सेवा सुदृढ़ करने के लिए अधोसंरचना विकास पर बल दिया

**समीक्षा बैठक**

8 ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दूसरे चरण में शेष 7 हेलीपोर्ट स्थापित किए जाएंगे।



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार देर सांय यहां एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य में प्रति वर्ष पांच करोड़ पर्यटकों के आवागमन के लक्ष्य की पूर्ति के लिए हवाई सेवा की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। राज्य में हवाई सेवा को सुदृढ़ करने के लिए चरणबद्ध तरीके से सभी जिला मुख्यालयों और जनजातीय क्षेत्रों में 16 हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में जिला हमीरपुर के जसकोट, जिला कांगड़ा के रक्कड़ और पालमपुर, जिला चंबा के सुल्तानपुर, जिला कुल्लू के मनाली, जिला लाहौल-स्पीति के जिस्पा, सिस्सू और रंगरीक तथा जिला किन्नौर के शारबो में नौ हेलीपोर्ट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर, रक्कड़, पालमपुर और जसकोट में हेलीपोर्ट निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, जबकि अन्य हेलीपोर्ट के लिए प्रक्रिया चल रही है।
ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दूसरे चरण में शेष 7 हेलीपोर्ट स्थापित किए जाएंगे। यह हेलीपोर्ट जिला चंबा के पांगी और होली, जिला बिलासपुर के औहर, जिला सिरमौर के धारकियारी, जिला शिमला के चांशल पास, जिला ऊना के जनकौर हार और जिला के जिला सोलन के गनालग में निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्कड़ हेलीपोर्ट की स्थापना के लिए एफ सीए स्वीकृति प्राप्त हो गई है और जसकोट, मनाली, जिस्पा, सिस्सू, रंगरिक, पांगी और होली सहित 6 हेलीपोर्ट के एफ सीए मामले पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई सेवा राज्य के पर्यटन क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। बेहतर हवाई सेवा की सुविधा से पर्यटक कम समय में गंतव्यों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। पर्यटन स्थलों में आसान पहुंच से देश-विदेश के अधिक पर्यटक इन स्थानों में घूमने आएंगे जिससे स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख अंग है। यह क्षेत्र स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और पर्यटकों के लिए सुविधाओं में सुधार पर विशेष बल दे रही है।
न्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने का निर्णय लिया है।

# मौसम पूवार्नुमान को सटीक बनाने के लिए उन्नत की जाएगी मेघदूत ऐपः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने मौसम पूवार्नुमान एवं किसानों को खेतीबाड़ी के दृष्टिगत दिए जाने वाले परामर्श को और अधिक सटीक बनाने के उद्देश्य से मेघदूत ऐप्लीकेशन को उन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह महत्त्वपूर्ण निर्णय तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण लिया गया है क्योंकि यह कृषि और बागवानी क्षेत्रों के लिए खतरा बन कर उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा इस वर्ष भारी बारिश के कारण हिमाचल में भारी क्षति और जान-माल को काफ ी नुकसान हुआ है, साथ ही कृषि और बागवानी क्षेत्रों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। बारिशए बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण प्रदेश भर में जगह-जगह पर खेत व बागीचे बह गए और करोड़ों रुपये की फसलें बर्बाद हो गईं।
उन्होंने कहा कि वर्तमान में मेघदूत ऐप्लिकेशन मौसम की जानकारी और पांच दिनों का मौसम पूवार्नुमान प्रदान करता है, जिसमें ब्लाक स्तर तक बारिश, तापमान, आर्द्रता, हवा की गति और दिशा संबंधी डेटा शामिल है। ये कारक कृषि कार्यों, जैसे कि बुआई एवं कटाई से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



मुख्यमंत्री ने पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग को प्रदेश में अधिक से अधिक किसानों और बागवानों को ऐप से जोड? के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि ऐप द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने के लिए रूपरेखा भी तैयार की गई है।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मेघदूत ऐप में किए जाने वाले प्रमुख सुधारों में किसानों को प्रतिकूल मौसम के प्रति सचेत करने और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, एप्लिकेशन फ सलों की बुआई एवं कटाई आदि प्रक्रियाओं से संबंधित सटीक विशेषज्ञ जानकारी प्रदान करेगी। इसके इस्तेमाल से किसान आसन्न चुनौतियों के प्रति उचित कदम उठाने में सशक्त होंगे। इसके अलावा, प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभ प्राप्त कर रहे राज्य के किसानों को मेघदूत ऐप्लिकेशन के साथ एकीकृत कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही की आपदाओं ने राज्य सरकार को कृषि क्षेत्र में चल रही मौजूदा नीतियों के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गठन के प्रति प्रेरित किया है।

## न्यूज फ्लैश

### बारिश बाढ़ में मरने वालों की याद में गणपति उत्सव में रखा जाएगा कलश

**मंडी के प्राचीन सिद्धगणपति मंदिर में 19 से 28 सितंबर तक होगा आयोजन**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी के प्राचीन सिद्ध गणपति मंदिर ट्रस्ट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार गणपति उत्सव 19 सितंबर से लेकर 28 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। भागवत कथा के दौरान उन सब लोगों जो हाल ही में आई प्रलयकारी बाढ़ व बारिश के कारण मौत का शिकार हो गए थे उनकी याद में कलश स्थापित किया जाएगा ताकि उनकी आत्मा को शांति मिल सके। शनिवार को श्री सिद्ध गणपति ट्रस्ट की बैठक प्रधान दीना नाथ सैणी की अध्यक्षता में हुई जिसमें इस आयोजन को लेकर कई निर्णय लिए गए व आयोजन समितियों का गठन किया गया। बैठक में महासचिव तारा चंद पटयाल ने एक साल में ट्रस्ट के जिन सदस्यों या पदाधिकारियों का देहांत हुआ है उनकी याद दो मिंट का मौन रखा गया व उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सचिव एमएल शर्मा ने वितीय प्रबंधन व स्थिति का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। यह भी निर्णय लिया गया कि भागवत कथा में अधिक से अधिक भक्त आएं इसके लिए हर स्तर पर सूचना दी जाए व आग्रह किया जाए। इसके लिए महिला मंडल व युवक मंडल को भी पहले की तरह पूरा सहयोग देने के लिए आग्रह किया गया।

### हिमाचल में बिना किसी शर्त लागू हो पंजाबी भाषा :संतोख सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल प्रदेश सिख फेडरेशन के जिला प्रधान संतोख सिंह निवासी ने कहा है कि पंजाबी भाषा को हिमाचल प्रदेश में बिना किसी शर्त लागू की जाए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से प्रदेश की पूर्व सरकार व मौजूदा केंद्र सरकार से मांग करती आ रही है, इसके बावजूद सरकार द्वारा इस मांग को पूरा नहीं किया गया है। संतोख सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पंजाब सीमा से सटे होने के कारण पंजाब व हिमाचल की आपस में गहरी रिशतेदारियां है। हिमाचल देवभूमि व पंजाब से ऐतिहासिक दशम गुरूयों का ज्ञान आदान प्रदान करने के लिए व श्री साहिब जी पढ? के लिए हिमाचल प्रदेश में पंजाबी भाषा लागू होने होना अति आवश्यक है। प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार व केंद्र सरकार को मांगपत्र सौंपने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब हिमाचल प्रदेश सिख फेडरेशन जिला ऊना ने निर्णय लिया है कि अब शीघ्र ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को हिमाचल प्रदेश में पंजाबी भाषा लागू करने बारे मांगपत्र सौंपा जाएगा।

### बारनी खड्ड में एक व्यक्ति से अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना अंब के तहत बारनी खड्ड से पुलिस ने एक व्यक्ति को अफीम संग गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचार ताज मोहम्मद निवासी अंब के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक अंब पुलिस शुक्रवार देर शाम बारनी खड्ड में गशत कर रही थी। गशत के दौरान पुलिस ने ताज मुहम्द निवासी अंब से अफीम बरामद की। पुलिस ने व्यक्ति से 1 किलो 5 ग्राम अफीम बरामद की हैं। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### सनोली में व्यक्ति संग मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना सदर ऊना के तहत सनोली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। मारपीट में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत रविंद्र सिंह निवासी सनोली ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को गांव के ही पारस कौशल व निखिल कौशल ने जमीनी विवाद के चलते रास्ता रोककर मारपीट की।

# गैस सिलेंडर के दामों में कटौती मोदी सरकार का तोहफाः बलबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
भाजपा जिला के अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपये घटाकर पीएम मोदी ने देश की जनता को बड़ा तोहफा दिया है। इसी प्रकार उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सिलेंडर 400 रुपये सस्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को केंद्र सरकार से सीखना चाहिए कि किस प्रकार से जनता के पक्ष में काम किया जाता है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश भर और प्रदेश को राहत देने का कार्य कर रहे हैं, वहीं वर्तमान कांग्रेस सरकार डीजल में वैट बढ़ोतरी कर प्रदेश में महंगाई को बढ़ावा दे रही है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश भर में 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन भी बांटेगी। उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।
प्रदेश में उज्जवला योजना के अंतर्गत 21.81 करोड़ रुपए की लागत से 1.36 लाख निशुल्क घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं एवं हिमाचल प्रदेश सरकार की ग्रहणी सुविधा योजना के माध्यम से 120 करोड़ रुपए की लागत से 3.23 लाख गृहणियों को गैस सिलेंडर प्रदान किए गए हैं।

# मरवाड़ी जोह मार्ग पर बनेगा वैली ब्रिजः कुलदीप पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
विधानसभा गगरेट के मरवाड़ी से लेकर जोह मार्ग पर फिलहाल वैली ब्रिज बनाने की घोषणा हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कर दी है। ऊना दौरे के दौरान विधायक चैतन्य शर्मा के विशेष आग्रह पर कुलदीप पठानिया ने मरवाड़ी से जोह संपर्क मार्ग पर बरसात के कारण कॉजवे के बह जाने का निरिक्षण किया और मौके पर ही घोषणा कर दी। कुलदीप पठानिया ने मौके पर निरीक्षण के दौरान कहा कि प्रदेश में बहुत नुकसान हुआ है और सभी जगह बह गए पुलों को बहाल करने के लिए एक मात्र जल्दी का रास्ता वैली



पुल है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु ने भी घोषणा की है कि ध्वस्त हुए पुलों को जल्दी बहाल करने के लिए फिलहाल वैली पुल ही एक मात्र रास्ता है, क्योंकि ये जल्दी लगाए जा सकते है। मरवाड़ी और जोह के रास्ते का सबसे बड़ा पेच इसमें ये है कि ये पंजाब और हिमाचल की सीमा पर है। इस रास्ते का लाभ पंजाब और हिमाचल दोनों ही तरफ के लोगों को होता है। स्थानीय लोगों की बार बार मांग पर पंजाब सरकार ने इस रास्ते ओर कॉजवे का निर्माण तो कर दिया, लेकिन उसके बाद इसकी मेंटिनेंस बगरेह नहीं की जा सकती। अब विधायक चैतन्य शर्मा ने इसे अपनी प्राथमिकी में भी डाला है और लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश ने भी इसका एस्टीमेट बनाकर नावार्ड को भेजा है, लेकिन इसको अभी स्वीकृति नहीं मिल पाई है । लोक निर्माण विभाग ने करीब 9 करोड़ 68 लाख की अनुमानित लागत का 105 मीटर लंबा पुल इस मार्ग के लिए नावार्ड को भेजा है। उधर, विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि मैंने इस पुल को विधायक प्राथमिकता में भी डाला था, नावार्ड के पास एस्टीमेट भेजा हुआ है, लेकिन अभी पैसा सेंक्शन नहीं हुआ है। अब बरसात आने से कॉजवे टूट गया है और पूरी तरह से रास्ता बंद हो गया है।

# आर्य समाज मंडी का श्रावणी पर्व 30 अगस्त से 3 सितंबर तक आयोजित यज्ञ का महत्व

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
आर्य समाज मंदिर मंडी में श्रावणी महोत्सव का आयोजन 30 अगस्त से तीन सितंबर तक किया जा रहा है। इस दौरान हर रोज हवन यज्ञ, भजन एवं प्रवचन का अयोजन किया जा रहा है। आर्य समाज संस्था मंडी के पुरोहित वेद मित्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह आर्य समाज मंडी का श्रावण पर्व 30 अगस्त से 3 सितंबर तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ के माध्यम से 30 अगस्त को श्रावण



मास का शुभारंभ हुआ। हवन यज्ञ प्रातरू 7:30 बजे से 9:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आचार्य संजय तथा पंडित उपेंद्र द्वारा अपनी वाणी के माध्यम से भजनों व प्रवचनों से उपस्थित श्रोतागणों को निहाल किया। शनिवार को भी आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ और प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य संजय ने कहा कि हमें यज्ञ के महत्व को समझने की आवश्यक्ता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ का उद्देश्य केवल मात्र अग्नि में आहूति चढ़ाना ही नहीं है। बल्कि अग्नि को माध्यम बनाकर अपनी आहूति देवताओं तक पहुंचाना यज्ञ का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मंत्र शक्ति से कई सिद्धियां प्राप्त की जा सकती है। प्राचीनकाल में ऋ षि-मुनि मंत्रों से मनचाही सिद्धियों को प्राप्त कर लेते थे।

### टाहलीवाल में ट्रक चालक चूरा पोस्त संग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत टाहलीवाल में पुलिस ने ट्रक चालक से चूरा पोस्त बरामद किया हैं। पुलिस ने चालक से 7.90 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया, जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस शुक्रवार देर शाम टाहलीवाल में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने एक ट्रक की तलाशी ली। तलाशी लेने पर पुलिस ने ओंकार सिंह निवासी छेत्रां से चूरा पोस्त बरामद किया।

# सत्य से बढ़ कर कोई धर्म नहीं होताः इंद्रेश उपाध्याय

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में जन्माष्टमी महोत्सव पर्व पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक पूज्य इंद्रेश उपाध्याय ने अपने प्रवचनों से निहाल किया। इससे पहले वृंदावन से आए व्यास पंकज ठाकुर ने रासलीला करते हुए सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि सत्य परम धर्म है। हम सभी सत्य का ध्यान करते हैं, क्योंकि सत्य सनातन, सत्य ही श्रीकृष्ण है। उन्होंने कहा सत्य से बढकर कोई धर्म नहीं होता है। जिन धर्मों में सत्य नहीं है, वह केवल पंथ हो सकते है, परंतु धर्म नहीं। इसलिए हमारे धर्म को सत्य सनातन धर्म कहा जाता है। यही पुरातन है। कथा वाचक इंद्रेश ने कहा कि गोस्वामी तुलसी दास जी ने भी कहा है कि भागवत तो स्वयं धर्म है, क्योंकि इसमें प्रारंभ, मध्य व अंत तक सत्य का ही रूप है। अतः सत्य को स्वीकार करके व्यक्ति अपने जीवन को परम शांति को प्राप्त कर सकता है। यही जीवन का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि



सभी मंत्र भी सत्य है, उन्हीं का मनन करे और हमारे अराध्य भी सत्य है।
भगवान का दूसरा नाम ही सत्य हैः बाबा बाल जीराष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने सभी भक्तों को सच्चाई की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से जरूरतमंदों की सहायता करता है, भगवान भी उसे कभी भी अकेला नहीं छोड़ते हैं। बाबा बाल जी महाराज ने कहा अगर हम अपने जीवन मे श्री कृष्ण की अपार कृपा और दृष्टि चाहते हैं, तो हमें हमेशा सत्य की राह पर चलना चाहिए। हमें कभी भी किसी के साथ बुरा बर्ताव नहीं करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि भगवान का दूसरा नाम ही सत्य है।

# पठानिया ने की बाढ़ बहाली कार्यों की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने डीआरडीए हॉल में जिला में भारी बारिश के कारण हुए नुक्सान को लेकर पुनः विकास कार्यों को बहाल करने की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधीश ऊना राघव शर्मा ने की, जबकि गगरेट विधायक चैतन्य शर्मा, चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन बबलू व कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र भुट्टो सहित अन्य उपस्थित रहे। विस अध्यक्ष पठानिया ने कहा कि प्रदेश में बाढ़




व भूस्खलन से प्रभावित पीड़ितों को राहत प्रदान करने और उनके पुनर्वास के लिए प्रदेश सरकार तीव्रता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वयं जाकर राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा ले रहे हैं तथा प्रभावितों का दुख-दर्द भी सुन रहे हैं और प्रथामिकता के आधार पर राहत कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊना जिला में आपदा के दौरान हुए नुक्सान को पुनः बहाल करने के लिए प्रशासन तथा सभी विभागों ने आपसी तालमेल से तीव्रता के साथ कार्य करके प्रभावितों को राहत पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार राजनीति से ऊपर उठकर लोगों को स्वयं के संसाधनों के माध्यम से राहत जुटाने का कार्य कर रही हैं।
कुलदीप सिंह पठानिया ने आपदा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सडक, बिजली व पानी की सुविधा को तुरंत बहाल करने के लिए उठाए गए विशेष कदमों तथा पीड़ितों के लिए चलाए गए राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रशंसा की।

# लोगों को आशीर्वाद देने घर-घर पहुंच रहे है पांगणा के सिहासनी गुग्गा महाराज

**आस्था**

8 रक्षाबंधन के बाद गुगा अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हैं तथा लोगों को आशीर्वाद देते हैं।

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी में गुग्गा महाराज की लोगों के प्रति गहरी आस्था है। रक्षाबंधन के बाद गुगा अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हैं तथा लोगों को आशीर्वाद देते हैं। सुकेत रियासत की ऐतिहासिक नगरी पांगणा में आयोजित की जाने वाली पारंपरिक गुग्गा रथ यात्रा सबसे अनूठी देव यात्रा है। इस वर्ष इस



यात्रा का आयोजन सुकेत अधिष्ठात्री राज-राजेश्वरी महामाया पांगणा के स्मारक देवी कोट दुर्गध्मंदिर से रक्षा बंधन से किया गया पांगणा, कलाशन,मशोग, सोरता, बही-सरहीएसुइं-कुफ रीधार, चुराग आदि पंचायतों के घर आंगन में पहुंचकर सिंहासनी गुग्गा जीएगुग्गी जी व सहयोगी देवगण के श्रद्धालुओं के कष्ट निवारण करेंगे। गुग्गा मंडली के प्रधान नरेश कुमार, गोपाल, देवेन्द्र कुमार आदि ने बताया कि इन पंचायतों के लोग अत्यंत उत्सुकता से गुग्गा जी के घर आने का इंतजार करते है।पारंपरिक गुग्गा यात्रा के दौरान बाग-भु-सलाडी, नगराओ, पज्पाणु,दोघरी गांव के धर्मपरायण नाथ समुदाय के लोग पारंपरिक गुग्गा गाथाओ का शहनाई, कान्से की थाली पर मधुर धुनो के साथ हर घर के आंगन मे श्रृष्टि की उत्पतिए गुग्गा जन्म, बहन बिछोडा, गोरख कुंडली, झेड़ा जैसी अनूठी गुग्गा गाथाओ का गायन करते है। अपने पुत्र लाभ, अन्न-धन रक्षा, ऋ ण निवारण, मुकदमे मे विजय प्राप्ति, शत्रु मर्दन की मन्नौतिया पूर्ण होने पर हर रात जातर वाले घर मे रात्रि मेले का आयोजन कर जागरण करते है।रात्रिभोज के बाद लक्ष्मण, विक्की, चमन, धनीराम, परसराम, योगेश, किशोरी लाल आदि अन्य साथियो द्वारा गुग्गा गाथाओ का गायन देव गूर भूपेन्द्र और गोपाल खेल खलाटी कर श्रद्धालुओं को अपने देव करतवो व देव वाणी से अचम्भित करते है।

# पीएसएम पब्लिक स्कूल करेगा जिला स्तरीय बेबी शो का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पीएसएम पब्लिक स्कूल देहलां जिला स्तरीय बेबी शो का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिला ऊना व आसपास के गांवों के सभी एक से 10 वर्ष के बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों का फैशन उत्सव, नृत्य, पेंटिंग, स्वस्थ शिशु, रंगों के आधार पर गेंदों को छांटना, पिरामिड बनाने व मदर गूज राइम आदि प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। विद्यालय के संस्थापक व संचालक डा. हर्षवर्धन सिंह ने



बताया कि स्कूल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं, खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। 14 अक्टूबर को बच्चों में आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि बच्चों की आंतरिक प्रतिभाएं विकसित हों व उनके अंदर मंचन संबंधित डर खत्म हो। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना. देवेंद्र चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विजेता बच्चों को उत्तम उपहारों व अन्य बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर अलंकृत किया जाएगा। विद्यालय की मुख्याध्यापिका तमन्ना शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम ऊना जिले में होने वाला अब तक का सबसे विशेष कार्यक्रम होगा। जिसमें बच्चों की प्रतिभाओं को विकसित करने का काम किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी जी के मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शाह ने किया आगाज



**लखनऊ:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आगाज किया। इस मौके पर अपने संबोधन में शाह ने स्पष्ट किया कि, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की टैगलाइन मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन अपने आप में बहुत कुछ कह देती है। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के पीछे एक ही आस्था है झ माँ भारती को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों का वंदन और उनका स्मरण। चंद्रयान-3 का चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग को लेकर भी शाह ने देशवासियों को बधाई दी और कहा कि आज हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के बाद देश के लिए अपनी जान देने वाले वीरों के सम्मान हेतु मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने की एक नई दृष्टि मिलेगी। यह अभियान गाँव, पंचायत, ब्लॉक, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए है। इस अभियान के तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा भी आयोजित की जाएगी। देश के कोने-कोने से कलशों में मिट्टी और पौधे लेकर अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली तक का सफर तय करेगी। मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी, जो एक भारत-श्रेष्ठ भारत का प्रतीक बनेगी। महान भारत की रचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए पंच प्रण झ विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता से आजादी, अपनी जड़ों और परंपराओं पर गर्व करना, एकता और अखंडता के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित करना तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना को जागरूक करना झ की प्रतिज्ञा को आज अमृतकाल में साकार करने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। महान भारत की रचना में हर परिवार, हर व्यक्ति, हर युवा, हर बच्चा समर्पित भाव से अपना योगदान दे पाए, इस तरह के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की कल्पना मोदी-शाह की जोड़ी ही कर सकती है,जिनके मन में राष्ट्रभक्ति का अकूत भंडार भरा है।

### रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने वायकॉम 18 के साथ साझेदारी में अपना चौथा ओरिजनल गीत इम्तिहान रिलीज किया

**शिमला:** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स वायकॉम 18 के साथ गठबंधन में संगीत की एक नई शैली पेश करने के लिए तैयार है जिसमें बॉलीवुड की मधुर धुन और हिपहॉप के मिश्रण से जनरेशन लार्ज की ओरिजनल साउंड का निर्माण होता है ।संगीत हर पीढ़ी के लोगों में भावनाएँ जगा देता है इसलिए यह सीग्राम के रॉयल स्टैग के लिए जोश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है ।आज के आधुनिक समय में युवा ग्राहक संगीत के रोमांचक रूपों में ज्यादा रुचि रखते हैं ।लिविंग इट लार्ज की भावना का जश्न मनाते हुए और अपने अनूठे ऑन .ग्राउंड अनुभवों से हजारों संगीत .प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देने के बाद रॉयल स्टैग बूमबॉक्स 4 ओरिजनल संगीत ट्रैक के लॉन्च के साथ अगले चरण में प्रवेश कर रहा है ।रिलीज होने वाले चौथे ओरिजनल म्यूज़िक ट्रैक में मधुर गायिका नीतिमोहन और प्रतिष्ठित रैपर ई पी आर का अनूठा गठबंधन है ।इस नये गीत इम्तिहान में बॉलीवुड और हिप .हॉप शैलियों का आकर्षक संगम है जो संगीत का मनोरम अनुभव पेश करता है ।यह गीत भावनाओं की गहराई में ले जाता है और कलात्मक प्रतिभा खोजने के संघर्ष का प्रदर्शन करता है ।अपने नाम के अनुसार यह गीत कलाकारों द्वारा बाधाओं को पार करने और मधुर संगीत का निर्माण करने की कोशिश करने की प्रकृति का आकलन करता है ।यह रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के अद्वितीय व फि जिटल फॉर्मेट में सभी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होने वाला मेलोडी एक्स हिप .हॉप म्यूजिक ट्रैक का चौथा ओरिजनल गीत है। ई पी आर ने कहा मुझे रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का हिस्सा बनने की बहुत खुशी है। एक अद्वितीय मंच है जिसने मेरे जैसे रैप कलाकारों को भारत में विकसित होते हिपहॉप को आगे बढ़ाने का अवसर दिया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा। गायिका नीति मोहन ने कहा एक कलाकार के रूप में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म को एक नये संगीत का निर्माण करते देखकर बहुत अच्छा लगा ।इस प्लेटफॉर्म के कॉन्सेप्ट के अनुसार ही हमारे गीत इम्तिहान में हिपहॉप और बॉलीवुड को बहुत दिलचस्प तरीके से एक साथ पेश किया गया है।

# मंदिर की जमीन को लेकर स्टेटस बरकरार

## ग्रामीणों की मांग पर शमशान घाट में जाने के लिए भी दिया गया अलग रास्ता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अंतरराष्ट्रीय बागवानी** मंडी में टेहा गांव की मंदिर की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसके बाद मंदिर के पुजारी द्वारा हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने जमीन को यथावथ रखने के आदेश दिए हैं। ऐसे में अब मंडी में मंदिर की जमीन पर किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के निर्माण के लिए सरकार ने टेहा गांव की पंचायती जमीन का अधिगृहण किया था। मंडी में उस समय गांव के मंदिर की करीब एक एकड़ जमीन के साथ-साथ शमशान घाट की



जमीन भी चली गई थी। जिसके बाद से ग्रामीण लगातार मंदिर की जमीन से छेड़छाड़ न करने व शमशान घाट को स्थानांतरण न करने की मांग करते आ रहे थे। मंदिर की जमीन के मामले की सुनवाई नहीं हुई तो मंदिर के पुजारी ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए मंदिर की जमीन दिलवाने की अपील कर दी थी। जिसके बाद से हाइकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंदिर की जमीन की स्थिती को यथावत रखने के आदेश जारी कर रखे हैं। ऐसे में मामले का फैसला आने तक प्रशासन द्वारा जमीन पर किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है।

**अधिगृहित की गई से जमीन शमशान को नहीं किया स्थानंतरण**

अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के लिए अधिगृहित की गई टेहा गांव की जमीन में शमशान घाट की जमीन भी शामिल थी। जिसके बाद ग्रामीण शमशान घाट की जमीन को भी स्थानांतरित न करने की मांग करते आ रहे थे। लंबे समय मांग करने के बाद प्रशासन ने शमशान घाट को स्थानांतरित करने की बजाय उसमें जाने के लिए मंडी के बाहर से अलग से रास्ता दिया गया है। ग्रामीणों को 3 करम का यह रास्ता भी गांव की पंचायती खाल की जमीन से दिया गया है।

**भूमि पर साधू संतो की समाधियां, प्राचीन है मंदिर की जमीन : सरपंच**

गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि उनके गांव टेहा के मंदिर की एकड़ भूमि काफी प्राचीन हैं। भूमि पर साधू संतो की समाधियां भी हैं।

इस मंदिर के अलावा गांव में दूसरा कोई मंदिर भी नहीं है। जिसके चलते ग्रामीण यह चाहते हैं कि गांव के मंदिर की प्राचीन जमीन से छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए और न ही मंदिर को स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका लगी हुई है और अदालत ने मंदिर की जमीन की स्थिती को यथावत रखने के आदेश जारी कर रखे हैं।

# पुलिस ने दवा व्यापारी को धमका कर मांगे पैसे!

## अपना नम्बर देकर कहा संपर्क कर लेना, व्यापारियों ने थाने में दी तहरीर

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। कोसीकलां में** पुलिस द्वारा व्यापारी को धमका कर पैसे मांगने का मामला सामने आया है। इस घटना से व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापार मंडल ने आंदोलन की चेतावनी दे डाली है। इस संबंध में पीडित व्यापारी की ओर से कोसीकला थाने में तहरीर दी गई है। तहरीर के मुताबिक हरियाणा पुलिस की एक कथित टीम ने शहर के एक दवा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर फिल्मी अंदाज में उसे धमकाया फिर मामला सुलझाने के लिए अपना नम्बर देकर संपर्क कर लेने की हिदायत दी। व्यापारी एकत्रित हुए तो उसे चेतावनी देकर रफूचक्कर हो गए। इस धमकी को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। मामले को लेकर उन्होंने थाने में तहरीर दी है। घटनाक्रम के अनुसार शनिवार की दोपहर को घंटाघर पर सिटी कैमिस्ट नाम की दुकान पर अचानक एक गाडी रूकती है। उसमें से उतरे लोग एक खाकी वर्दी वाले को लेकर वहां पहुंचे और अपने आपने आपको हरियाणा की हथीन थाने की पुलिस बताते हुए व्यापारी पर पिल पडे।

आरोप लगाया कि आप लोग नशीली दवाएं बिक्री करते हो। व्यापारी ने इससे इंकार किया तो एक युवक की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह मुलजिम है।

# गांव में बीस साल बाद लगा दंगल, लोग बोले प्रथा को जीवंत किया

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। लगभग हर** गांव में पहले कुस्ती दंगल का आयोजन होता था लेकिन अत्याधुनिक समय के अनुसार धीरे धीरे परंपराएं लुप्त होती जा रही है। अपनी परंपरा को गांव गढ़ी भीमा के लोगों दोबारा जीवंत किया है। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी भीमा में लगभग 20 वर्ष पहले कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता था। लेकिन आधुनिक बदलते समय में धीरे धीरे यह दंगल अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। उसी को जीवंत करने के लिए गांव गढ़ी भीमा के रहने वाले इंजीनियर विजय सिंह ने ग्रामीणों से साथ मिलकर में लगभग 20 वर्ष बाद छोटे व बड़े बच्चों की कुश्ती करवाई गई और प्रथा को जीवंत किया। जिसको लेकर गांव में खुशी का माहौल है। जिन बच्चों ने कुश्ती में हिस्सा लिया था उन सभी खिलाड़ियों को ग्रामीणों के द्वारा सम्मानित किया गया। ग्रामीण धर्मपाल



सिंह का कहना है कि यह एक अच्छी पहल है जो काफी वर्ष पहले बंद कर दी गई थी। अब छोटे मोटे बच्चों की दौड़वा कुश्ती प्रतियोगिता करा कर फिर से पुरानी प्रथा को जीवित किया है। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए जिससे गांव का हुनर भी देखने को मिलता है। ग्रामीण सुंदर पहलवान ने बताया कि आज के इस आयोजन में लड़कों के साथ साथ लड़कियों की भी प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों के साथ साथ अन्य खिलाड़ियों को भी सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया।

### आर्य समाज मन्दिर का वार्षिक उत्सव व जन्माष्टमी पर्व का होगा आयोजन

**गन्नौर। आर्य** समाज मन्दिर किशनपुरा मण्डी गन्नौर का वार्षिक उत्सव व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आज 3 सितम्बर तक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मन्दिर के सरंक्षक सुरेश बत्रा ने बताया कि इस मौके पर वैदिक सिद्धांतों पर प्रवचन होंगे, जिसमें शान्ति प्राप्त करने, परिवार सुखी कैसे बने, सांसारिक परेशानियों से बचने, स्वस्थ रहने, बच्चे को संस्कारवान बनाने आदि बारे में प्रवचन होंगे। जिसमें वैदिक विद्वान यज्ञ के भजनोपदेशक आचार्य डा. नरेन्द्र आर्य, सुमित आर्य, संतोष आर्या, सत्यकरण दीवान वैद्विक संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि 3 सितम्बर को यज्ञ भजन एवं प्रवचन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में 16 स्कूलों के छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गढी झंझारा** रोड स्थित जयन्ती प्रसाद डीएवी स्कूल में भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गन्नौर के द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत भारत को जानो प्रतियोगिता हुई। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 16 स्कूलों के 65 बच्चों ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार आर.एन.टैगोर, द्वितीय बी.आर.ग्लोबल, तृतीय पुरस्कार चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल की टीम ने प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जे.पी.डी.ए. वी.पब्लिक, द्वितीय पुरस्कार गीता मॉडर्न स्कूल, तृतीय पुरस्कार आर एन



टैगोर स्कूल के बच्चों ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य चंद्र प्रकाश ने परिषद के सदस्यों का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया।

संस्कृति माह संयोजक प्रीतम लाल आहुजा, प्रांतीय उपाध्यक्ष (संस्कार) प्रवीण सिंघल, प्रांतीय सह संयोजक गुलाब रोहिला, शाखा अध्यक्षा मंजू भुटानी, भारत भूषण भुटानी,पूनम सिंघल, प्रीतम आहूजा, मंजू शर्मा, मोनिका गुजराल,विजय पाल शर्मा, प्रणव सिंघल आदि सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।

# गांव असावरपुर में लगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

## फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में 305 ने करवाई आंखों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/राई। नेत्र जांच शिविर** का आयोजन राजकुमार शर्मा फांउडेशन व दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से गांव असावरपुर के शिव मंदिर में शनिवार को किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर में 305 ग्रामीणों के आंखों की जांच की गई, जिनमें से 40 ऐसे मिले, जिनकी आंखों के ऑप्रेरशन किए जाएंगे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि आंखे शरीर का सबसे



महत्वपूर्ण अंग है, इसके बिना जीवन अंधकारमय है। आंखों के बिना मानव अकेला पड़ जाता है। ऐसे में आंखों की देखभाल करना बहुत जरूरी है। आंखों में किसी प्रकार को कोई संक्रमण लगता है

**समाजसेवा**

**8 एक मुहिम चलाई है, जो विभिन्न गांवों में जाकर ग्रामीणों के आंखों की जांच निशुल्क करेगी**

तो उसके उपचार के लिए आंखों के चिकित्सक से जल्द परामर्श ले। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र जांच शिविर बहुत कम लगते हैं। ग्रामीणों को लाभ देने के लिए राजकुमार शर्मा फांउडेशन, डा. श्रॉफ चैरिटेबल अस्पताल व दृष्टि सेवा समिति ने मिलकर एक मुहिम चलाई है, जो विभिन्न गांवों में जाकर ग्रामीणों के आंखों की जांच निश्शुल्क करेगी और दवाई भी फ्री में वितरित की जाएगी। नेत्र जांच शिविर में जिन लोगों की आंखों में मोतिया है, उनके आप्रेशन फ्री में करवाए जाएंगे। डा. नरेन्द्र, डा. दीपिका बत्रा, नरेन्द्र भुटानी, लीलू, नारायण, सतनारायण, धर्म सिंह, बिजेन्द्र, हरिप्रकाश, पाले जोगी, राज सिंह, धर्मपाल, शिव कौशिक, दयानंद व विकास आदि ने अपना सहयोग दिया।

### सोहा ने, परिवार और खुद का ख्याल रखने के टिप्स दिए

**लुधियाना:** एक माँ और पत्नी के रूप में, अपने परिवार की देखभाल करना हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है ।हालाँकि, मुझे यह एहसास हुआ है कि एक स्वस्थ और खुशहाल घर बनाए रखने के लिए अपना ख्याल रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है ।इसीलिए जब मेरे और मेरे परिवार की बात आती है तो मैंने सोच-समझकर चुनाव करने का प्रयास किया है ।सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात, मैं स्वस्थ खान-पान की आदतों को प्राथमिकता देती हूं ।मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि हम विभिन्न प्रकार के ताजे फल और सब्जियां, लीन प्रोटीन और साबुत अनाज खाएं ।मैं यह भी सुनिश्चित करती हूं कि हम दिन भर में खूब सारा पानी पीकर हाइड्रेटेड रहें ।यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करता है बल्कि मेरी बेटी के लिए भी स्वस्थ आदतें अपनाने का एक अच्छा उदाहरण है ।स्वस्थ और संतुलित आहार बनाए रखने के लिए माइंडफुल स्नैकिंग भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। जब स्नैकिंग की बात आती है, तो मैं ऐसे विकल्प चुनना पसंद करती हूं जो पौष्टिक और संतोषजनक दोनों हों ।अपने आहार में शामिल करने के लिए मेरे पसंदीदा स्नैक्स में से एक बादाम हैं ।बादाम प्रोटीन और स्वस्थ वसा का एक बड़ा स्त्रोत हैं, जो मुझे पूरे दिन भरा हुआ और ऊर्जावान महसूस कराने में मदद कर सकते हैं। मुझे यह भी पसंद है कि बादाम एक बहुमुखी स्नैक है जिसका आनंद अकेले लिया जा सकता है या दही या फल जैसे अन्य स्नैक्स में जोड़ा जा सकता है ।मुट्ठी भर बादाम न केवल मेरी भूख मिटाते हैं बल्कि एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ते का विकल्प भी प्रदान करते हैं ।मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि इनाया भी हर रोज बादाम खाए ।यह एक परंपरा है जो मुझे अपनी मां से मिली है और अब मैं इसे अपनी बेटी में भी विकसित कर रही हूं।

### वी ने भारत में पोस्टपेड अनुभव को बनाया बेहतर

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**अपने** यूजर्स को विशेष फायदां से लाभान्वित करने के प्रयास में प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज उद्योग जगत की अनूठी पहल चॉइस की घोषणा की है, जिसके द्वारा इसके पोस्टपेड यूजर लाईफस्टाइल जैसे एंटरटेनमेन्ट, फूड, ट्रैवल और मोबाइल सिक्योरिटी आदि में एक्सक्लुजिव फायदे पा सकते हैं ।अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वी इस पहल को लाने वाली पहली दूरसंचार कंपनी है, जिसके द्वारा पोस्टपेड यूजर अपनी जरूरत के अनुसार फायदे चुन सकेंगे। इस नए प्रस्ताव के तहत वी के इंडीविजुअल एवं फैमिली पोस्टपेड यूजर चार एक्सक्लुजिव कैटेगरीज में अपनी पसंद के प्रीमियम पार्टनर की ओर से फायदों की एक रेंज चुन सकते हैं: इस नए प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा,ह्यवी मैक्स इनोवेशन एवं उपभोक्ता उनमुख प्रयासों की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# पुलिस बदमाशों की मुठभेड़ में तीन को लगी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। बदमाशों के** साथ हुई पुलिस की मुठभेड़ में तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। इस दौरान दोनों ओर से करीब 15 से 20 राउण्ड फायरिंग हुई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए बदमाशों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। कब्जे से चार अवैध तमंचा, आठ जिन्दा व 12 खोखा कारतूस, 54 मोबाइल व दो मोटर साइकिल बरामद



की हैं। इनमें से 13 मोबाइल कीपैड हैं। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे के मुताबिक तरौली छाता रोड अजनौठी मोड के पास से हाइवे पर हुई मुठभेड़ में राहुल कुमार पुत्र नारायण सिंह निवासी ग्राम बिलौठी थाना छाता, श्रीराम पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बिलौठी थाना छाता, पंकज पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम बरारी थाना रिफाइनरी जनपद मथुरा पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। राजकुमार पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बिलौठी थाना छाता ने साथियों को घायल होते दिख खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक अलग अलग मोटर साइकिलों पर सवार होकर हाईवे या धार्मिक स्थलों के आस पास घूमते रहते थे, जो व्यक्ति पैदल चलते हुए मोबाइल पर बात करते थे, उनके मोबाइल लूट लेते हैं या कोई व्यक्ति आटो आदि में ऐसा बैठा है कि उसका मोबाइल वाला हाथ आटो के बाहर है तो उससे भी मोबाइल लूट लेते है।

# जन्मस्थान पर रजत कमल पुष्प में होगा अजन्मे का प्राकट्य

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। लाडले लाल** के जन्मोत्सव की तैयारियों में समूचा ब्रज जुटा है। मुख्य आयोजन मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होगा। भाद्रमास कृष्णपक्ष की अष्टमी को लाडले कान्हा का 5250 वां प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सात सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। कान्हा के प्राकट्योत्सव को धूमधाम, हर्षोल्लास से मानने की तैयारियां प्रारभ हो गई हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर इस बार रजत कमल पुष्प में श्री कृष्ण का प्राकट्योत्सव होगा। श्री ठाकुर जी का जन्म महाभिषेक रात्रि 12: 20 बजे से 12.40 बजे तक जन्म



स्थान के अध्यक्ष मंहत नृत्यगोपाल दास के दिव्य सान्निध्य में संपन्न होगा। श्रीकृष्ण चबूतरा को गर्भ गृह के प्राचीन वास्तु अथवा मूलरूप में बिना कोई परिवर्तन किये हुए कारागार का स्वरूप प्रदान किया जायेगा। देश विदेश से पधारने वाले लाखों श्रद्धालु जो कंस के कारागार में जन्मे ठाकुरजी के उसी रूप के दर्शन के भागव से आ रहे है, उनकी भावनाएं अवश्य ही ऐसी अद्भुत छटा से पुष्ट होंगी, साथ ही पर्व के अनुकूल प्रकाश का संयोजन भी गर्भगृह की भव्यता एवं दिव्यता में वृद्धि करेगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के सम्बन्ध में

**जन्माष्टमी**

**8 भाद्रमास कृष्णपक्ष की अष्टमी को लाडले कान्हा का 5250 वां प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा**

जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण के 5250 वें जन्मोत्सव के अवसर पर जन्मस्थान की साज सज्जा, ठाकुरजी की पोशाक, श्रंगार नयनाभिराम होंगी। जन्म भूमि के अन्दर एवं परिसर के बाहर से श्रद्धालुगण जिस दिशा से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि के दर्शन करेंगे। वहीं से उनको जन्मभूमि की अदभुत छटा की अनुभूति हो ऐसा प्रयास चल रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की प्राकट्य भूमि एवं कारागार के रूप में प्रसिद्ध गर्भ ग्रह एवं सम्पूर्ण श्रीकृष्ण चबूतरा की साज सज्जा अद्भुत होगी। इस वर्ष प्रयास रहेगा कि श्रीगर्भ गृह के भीतरी भाग को तो कारागार का स्वरूप प्रदान किया जायेगा साथ ही श्रीगर्भ गृह के बाहरी भाग गर्भगृह के बाहरी हिस्से में उत्कीर्ण भगवान के जन्म से पूर्व की लीलाएं भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रहती है।

# एमसी स्क्वायर ले कर आए है एक जानदार हरियाणवी पॉप बैंगर लाडो, हरियाणवी हिपहॉप का अनोखा मिश्रण

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़:** हरियाणवी हिप .पॉप की मन मोह लेने वाली दुनिया में मग्न होने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि एमटीवी हसल 2 .0 का विजेता हरियाणा का लंबरदार एमसी स्क्वायर ने अपने लेटस्ट सिंगल लाडो को रिलीज कर दिया है ।चुलबुले लिरिक्स, धमाकेदार बीट्स और अपने साथ मग्न कर देने वाली ऊर्जा के साथ यह ट्रैक दुनिया भर के संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है ।अपनी क्षेत्रीय जड़ों से जुड़े रह कर आधुनिक हरियाणवी संस्कृति की मनमोहक महक लिए लाडो प्यार और समर्पण का शानदार संगीतमय मेल है जो दर्शकों के दिलों को जीत लेगा ।एमसी स्क्वायर का लाडो एक ज़िंदादिल संगीत यात्रा है जो हरियाणवी संस्कृति और आकर्षण का मर्म लिए हुए है। यह ट्रैक अटूट संलग्नता की कहानी बताता है जहां एमसी स्क्वायर प्रेम और दृढ़ संकल्प की की भावनाओं को बुनता है। यह रोमांचक ट्रैक एक युवा प्रेमी की कहानी को दिखाता है जो अपनी प्रेमिका लाडो का प्यार पाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करता है। कंटेंपररी हिप .हॉप तत्वों के साथ पारंपरिक हरियाणवी प्रभावों को बड़ी सहजता से घुलाने .मिलाने की एमसी स्क्वायर की काबिलियत एक सच्चे कलाकार और हरियाणा के गौरवशाली प्रतिनिधि के रूप में उनके जोशीले जस्बे को दिखाती है ।हितेन के हार्ड .हिटिंग प्रोडक्शन ने एमसी स्क्वायर की बेमिसाल भावात्मकता के साथ मिलकर एक ऐसा बेहतरीन फ्यूजन बनाया हैए जो सभी के दिलों दिमाग पर अपनी छाप छोड़ देने का वादा करता है ।शालीनता और शक्ति के बेहतरीन मिश्रण लिए यह गीत एक ऐसे मास्टरपीस विजुअल का अनुभव कराता है जिसकी संवेदना को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस रिलीज के बारे में एमसी स्क्वायर ने कहा लाडो मेरे निजी अनुभवों और हरियाणा की संस्कृति के सार का लुभावना संगम है ।मेरे लिए यह महज एक छोटी सी कोशिश है जिसमें मैं कंटेंपरेरी हिप .हॉप को प्रादेशिक हरियाणवी के साथ बिना किसी खोट के एक माला में पीरो सकूं। ताकि पूरी दुनिया संगीत के बहाने से सांस्कृतिक खूबसूरती को जान सके। मैं लाडो को दुनिया के सामने पेश करने के लिए बेहद रोमांचित हूं।

# संपादकीय

## राष्ट्र निर्माण की सूत्रधार नारी

**भारतीय** ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को "माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या" अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है।

# राजस्थान में महिलाओं पर बढ़ती हिंसा का जवाबदार कौन ?

अशोक भाटिया

> "इस घटना में बताया जा रहा है कि इस बच्ची पर आरोपियों की नजर पिछले 2 महीनों से थी और वह मौका तलाश रहे थे। घटना वाले दिन जब उन्होंने उस बच्ची को अकेले मवेशी चराते हुए देखा तो उसे पकड़ लिया और उसके साथ बलात्कर किया । दोपहर में उसे बेहोश किया और जब उन्हें पता चल गया कि अब वह नहीं बचेंगे तो फिर उसे ठिकाने लगाने के लिए उनकी बीवीयां भी आगे आईं और उन्होंने ही भट्टी का दरवाजा खोलकर उस बच्ची को फेंक दिया। अधजला शव टुकड़े टुकड़े बरामद हुआ। यह घटना दिल को दहलाती है। राजस्थान में एक और ऐसी घटना हाल ही में हुई है, जो महिलाओं की आजादी और सुरक्षा पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिह्न लगाती है। परन्तु दुर्भाग्य से यह घटना तो एकदम ही विमर्श से बाहर रह गयी"

**हाल** ही में राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने ही गांव वालों के सामने महिला को 1 किमी तक दौड़ाया। घटना 31 अगस्त की है। शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद मामले का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार, शादी के छह महीने बाद महिला पड़ोस के गांव ऊपला कोटा के एक युवक के साथ चली गई थी। महिला साल भर बाद 30 अगस्त को जब युवक के साथ वापस लौटी, तो उसके ससुराल वाले उसे जबरन अपने गांव पहाड़ा ले आए। इसके बाद पति ने गांव वालों के सामने ही उसके कपड़े उतारे और निर्वस्त्र कर घुमाया। जो वीडियो वायरल हुआ, उसमें वह जोर-जोर से चीख रही है और छोड़ देने की गुहार लगा रही है। इस दौरान गांव के कई लोग सिर्फ देखते रहे और वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने पति को नहीं रोका। महिला छह महीने की गर्भवती है।अभी तक के समाचारों के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हस्तक्षेप के बाद पुलिसिया कार्यवाही चालू है व नामजद अपराधियों को पकड़ा भी गया है पर सवाल यह उठता है कि वहशी दरिंदों को ऐसी दरिंदगी करने की हिम्मत कहाँ से आती है । हाल के कुछ दिनों की घटनाओं पर गौर करें तो राजस्थान में दिनों झ दिन दिल को दहलाने वाली घटनाए घटती रहती है जिन्हें देख या सुन कर किसी भी सभ्य का दिल दहक सकता है । घटनाए कई है पर कुछ एक का वर्णनन जरुरी है जैसे क्या कोई कल्पना कर सकता है कि एक बच्ची को सामूहिक बलात्कार के बाद कोयला भट्टी में जला दिया जाए और मीडिया में, स्त्री विमर्श में सन्नाटा बना रहे? इस कदर सन्नाटा उन लेखकों के की बोर्ड में सहम कर बैठ जाए कि वह कुछ कह ही न पाएं। उनके पास विरोध के स्वर ही न रहें। इस कदर मौन धारण है कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं। और वास्तव में उन लोगों के लिए तब तक कुछ नहीं होता है, जब तक आरोपी राज्य की सरकार उनके अपने एजेंडे वाली सरकार हो ।दिल को दहला देने वाली यह घटना हुई थी कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में, जहां पर अभी हाल ही में मणिपुर में हुई घटनाओं के आधार पर मणिपुर में महिला सुरक्षा को लेकर केंद्र और मणिपुर राज्य सरकार की आलोचना हुई थी। और जब उन्हीं के मंत्री



ने यह याद दिलाया था कि महिला सुरक्षा पर तो दरअसल राजस्थान को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए तो उन्हें ही बर्खास्त कर दिया गया। सत्य की जीत कहने वाले कांग्रेस के नेताओं को सत्य ऐसा चुभा कि राजेन्द्र गुढ़ा मंत्रिमंडल से ही हटा दिया। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा था कि राजस्थान महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों में सबसे ऊपर है। परन्तु राजस्थान की सरकार को यह सत्य बहुत चुभा था। फिर भी उसके बाद कई घटनाएं ऐसी हुईं जिन्होनें राजेन्द्र गुढ़ा की दावे पर अपनी दावे पर अपनी मोहर लगाई। और जो घटना प्रकाश में आई , वह भयानक है। वह वीभत्स भी है। वह ऐसी है जो हर कल्पना और हर शब्दों से परे है। इस घटना में एक चौदह वर्षीय बच्ची का सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर जब यह लगा कि आरोपियों की पोल खुल जाएगी तो उन्होंने उसे जिंदा ही कोयले की भट्टी में डाल दिया। यह घटना इसलिए और भयावह है कि इसमें आरोपियों की पत्नियों ने ही उस बच्ची को जिंदा भट्टी में डाल दिया। इस घटना में बताया जा रहा है कि इस बच्ची पर आरोपियों की नजर पिछले 2 महीनों से थी और वह मौका तलाश रहे थे। घटना वाले दिन जब उन्होंने उस बच्ची को अकेले मवेशी चराते हुए देखा तो उसे पकड़ लिया और उसके साथ बलात्कर किया । दोपहर में उसे बेहोश किया और जब उन्हें पता चल गया कि अब वह नहीं बचेंगे तो फिर उसे ठिकाने लगाने के लिए उनकी बीवीयां भी आगे आईं और उन्होंने ही भट्टी का दरवाजा खोलकर उस बच्ची को फेंक दिया। अधजला शव टुकड़े टुकड़े बरामद हुआ। यह घटना दिल को दहलाती है। राजस्थान में एक और ऐसी घटना हाल ही में हुई है, जो महिलाओं की आजादी और सुरक्षा पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिह्न लगाती है। परन्तु दुर्भाग्य से यह घटना तो एकदम ही विमर्श से बाहर रह गयी। इस घटना में कहा जा रहा है कि एक मुस्लिम महिला ने अपने घर के बाहर भाजपा का नाम लिखना और उसका चुनाव चिह्न लगाना भारी पड़ गया और भीड़ ने उसके घर पर हमला कर दिया। पहले घर का मुख्य दरवाजा खोला और फिर ऊपरी मंजिल पर बने कमरे का दरवाजा खोला और घसीट कर बाहर ले गयी और फिरकीचड़ में फेंककर लात घूंसों से मारा! परन्तु मणिपुर की घटना पर भाजपा को घेरने वाले या हमेशा सत्ता के विपक्ष में रहने का दावा करने वाले एक भी कथित रचनाकार ने इस घटना पर मुंह नहीं खोला है, वैसे भी भाजपा समर्थक महिलाओं के साथ की गयी हिंसा इनके लिए हिंसा नहीं होती है। यह याद रखा जाना चाहिए कि जब नुपुर शर्मा के खिलाफ सर तन से जुदा के नारे लग रहे थे, उस समय यह कथित महिला विमर्श करने वाले लोग कुछ भी नहीं बोले थे। उनके लिए बंगाल की वह एक भी महिला पीड़ित नहीं है, जो तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा चुनावी हिंसा का शिकार हुई थीं। उनके लिए किसी भी उस महिला की पीड़ा पीड़ा नहीं है जो उनके एजेंडे में नहीं आती है। एक बात और राजस्थान की। जहां पर एक पंद्रह वर्ष की बच्ची के साथ बाड़मेर में बलात्कार होता है और बलात्कार के बाद राणा खान उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कर देता है। जब बच्ची के माता-पिता इसे देखते हैं तो चौंक जाते हैं और फिर बच्ची के द्वारा यह बताया जाता है कि राणा खान ने उसके साथ बलात्कार किया था। यह घटना भी अधिक पुरानी नहींहै, तभी की है, जब पूरे देश में मणिपुर के बहाने महिला सुरक्षा की बात की जा रही है। परन्तु इन घटनाओं पर बात नहीं होती। विमर्श नहीं होता। यहाँ तक कि राजस्थान के रचनाकार भी इन घटनाओं पर चुप रहते हैं। चुप रहने का सिलसिला 18 जुलाई को तो टूट ही नहीं सकता था जब यह समाचार आया था कि जोधपुर के एक स्कूल में एक चपरासी ने 7 साल की बच्ची के साथ लगभग 6 महीने तक बलात्कार किया था।

ये हाल ही के मामले हैं। मगर ये मामले यहां पर थमते नहीं हैं। स्वयं को विमर्श का ठेकदार बताए जाने वालों की सोशल मीडिया पर इन घटनाओं पर चुप्पी साध लेते है । यह बात कहीं न कहीं परेशान करती है कि आखिर क्या बात है कि पीड़ा को दलीय समर्थन के आधार पर आंका जा रहा है? आखिर क्या कारण है कि जिन दलों का कथित निष्पक्ष लोग समर्थन करते हैं, उनके नेताओं के शासन वाले राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर सभी बुद्धिजीवी मौन रहते हैं? ऐसा क्यों है? क्या हिन्दी का कथित प्रगतिशील वर्ग जो स्वयं को मात्र भाजपा विरोध या कहें हिन्दू विरोध की क्रान्ति तक सीमित रखता है , वह बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर मौन रहता है, बिहार में उसे दिखता नहीं है और राजस्थान में तो भट्टी वाली घटना पर मौन रहना ही सारी कहानी बयान कर रहा है! राजस्थान की महिलाओं का दर्द राजेन्द्र गुढ़ा को दिख सकता है, जब उनकी ही अपनी सरकार उन पर हमलावर हो गयी है तो कथित निष्पक्षता के ठेकेदारों की देहरी पर दर्द क्यों नहीं पहुंच रहा? या कहा जाए कि उन्होंने अपने दरवाजे बंद कर रखे हैं गैर भाजपा शासित राज्य की महिलाओं के प्रति? काश कि यह दायरे कथित निष्पक्षता में न होते, काश कि वह लोग उन महिलाओं की पीड़ा विमर्श में लाते, जो दिनों दिन दम तोड़ रही हैं! परन्तु यह काश काश ही बन कर रह जाएगा, यही प्रतीत होता है।

# कविता

## नाश नशे का तत्काल करो

मैं धरती हिन्दुस्तान की

मेरी ही कोख से उत्पन्न जवानी,
नाश कर रही तरुणाई अपनी
ना जाने कैसे कैसे नशे में जलकर,
खुद की रग में भर कर विष को
मेरी ममता को लज्जित कर रही।जिसके
बाहुबलियों ने रक्षा हेतु
सदियों से मुझ पर सदा
जान अपनी कुर्बान की,
उसी हिन्दुस्तानी का हृदय अब
नशे के लिए व्याकुल है ।
बनना था जिस युवा को
देश का कर्णधार बलवान,
नशे में जकड़ा जा रहा आज
वो युवा लाडला है मेरा ही ।
जिस पल्लवित पदेश को
पराजित करने में विफल हुई,
शत्रु की सेना विशाल भी,
उसी हिन्दुस्तानी को हराने की खातिर,
छद्म युद्ध में चक्रव्यूह नशे का
शत्रु देश ने आज रचाया है ।
होगी कोई कमी मेरी ही,
जो संतान अपनी का
लालन पालन करने में चूक गई,
मेरी अस्मत को लुटते देख

मुनीष भाटिया

## शिक्षक :सूचना विक्रेता या राष्ट्र निर्माता

डॉक्टर रामानुज पाठक

**वह** स्थान जहां पर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा या विद्या प्रदान की जाती है उसे विद्यालय कहते हैं। विद्यालय अंग्रेजी भाषा के शब्द स्कूल से लिया गया है जिसका अर्थ होता है "अवकाश"। विद्यालय का यह अर्थ विचित्र सा जान पड़ता है। महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् ए एच लीफ ने एक जगह लिखा है कि "वाद विवाद या वार्ता के स्थान विद्यालय कहलाते हैं"। वैसे तो विद्यालय शब्द दो शब्दों के योग से बना है, विद्या+आलय अर्थात वह स्थान जहाँ विद्या प्राप्त होती है। अतः विद्यालय वह स्थान है जहाँ ज्ञान प्राप्त होता है। यह एक ऐसे वातावरण का निर्माण करता है जिसे बालक एक निश्चित अवधि मे निश्चित पाठ्यक्रम द्वारा पूरा करता है। लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में क्या विद्यालय की अवधारणा मूल रूप से नष्ट हो चुकी है, क्या विद्यालय महज वे स्थान है जहां सूचना विक्रेताओ द्वारा कुछ विषयों की सूचनाए बेची जाती हैं। चिंतक एवं शिक्षाविद पेस्टालॉजी ने विद्यालय की अवधारणा को इन शब्दों मे व्यक्त किया है," ये विद्यालय अमनोवैज्ञानिक है जो बालक को उसके स्वाभाविक जीवन से दूर कर देते है, उसकी स्वतंत्रता को निरंकुशता से रोक देते है और उसे अनाकर्षक बातों को याद करने के लिए भेड़ों के समान हाँकते है और घण्टों, दिनों, सप्ताहों, महीनों तथा वर्षों तक दर्दनाक जंजीरों से बाँध देते है।" वहीं इसके विपरीत दार्शनिक और महान शिक्षाविद् फ्रॉबेल ने विद्यालय को 'बच्चों का उद्यान' कहा है। जिस तरह से बाग मे माली पेड़,पौधों की खुदाई, निराई तथा सिंचाई करके उनको उत्तम फल-फूल देने के लिए तैयार करता है उसी तरह से शिक्षक को बच्चों के सर्वांगीण-शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक आदि के विकास के लिए उनका पालन-पोषण करना चाहिए। विद्यालय "लघु राज्य या लघु समाज है"या "विद्यालय उपचार केंद्र" है या "विद्यालय उद्यान" है यह चर्चा का विषय है ।शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर एक बार पुनः नवीन शिक्षा नीति के परिपेक्ष में विद्यालय के उद्यान के "माली" या उपचार केंद्र के "चिकित्सक" या लघु समाज के "नेतृत्व कर्ता "शिक्षक की भूमिका पर चर्चा करना उचित होगा। शिक्षक महज "सूचना विक्रेता है" जो विद्यार्थियों के दिमाग में जबरन ठूंस ठूंस कर सूचना भरते हैं, या वास्तविक "राष्ट्र निमार्ता" है यह ज्वलंत प्रश्न है ? 1968 की शिक्षा नीति तथा 1986 की शिक्षा नीति एवं 2008 के "शिक्षा के अधिकार अधिनियम" से लेकर आज "नवीन शिक्षा नीति 2020" तक शिक्षक का किरदार बदलता रहा है। क्या शिक्षक केवल सूचना प्रदाता है या शैक्षणिक प्रक्रिया का आधार स्तंभ है? नवीन शिक्षा नीति तो पूरी तरह से "विद्यार्थी केंद्रित" है इसमें शिक्षक का किरदार महज "फैसिलेटर" का है अर्थात सुविधा प्रदाता या मार्गदर्शन करने वाला बताया गया है।एक बार पुनः महान शिक्षाविदों के पास चलते हैं विद्यालय की अवधारणा को समझने के लिए।ए. के. सी ओटावे के अनुसार," विद्यालय को एक ऐसा सामाजिक आविष्कार समझना चाहिए जो कि समाज के बालकों के लिए विशेष प्रकार का शिक्षण प्रदान करने लिए हो।"

रॉस के अनुसार," विद्यालय वे संस्थाएँ है, जिनको सभ्य मनुष्य द्वारा इस उद्देश्य से स्थापित किया जाता है कि समाज में सुव्यवस्थित और योग्य सदस्यता के लिये बालकों को तैयारी में सहायता मिले।"

# विचार

## ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापन बनाम बुद्धिजीवी सेलिब्रिटी व्यक्तित्व

किशन भावनानी गोंदिया

**भारत** ने एक ओर जहां चांद फतेह कर लिया है और शनिवार 2 सितंबर 2023 को सूर्य के सीक्रेट पता करने आदित्य एल1 मिशन को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है, जिसका काउंटडाउन शुक्रवार 11.50 बजे से ही शुरू कर दिया गया था और विजन 2047 का जोरदारआगाज चल रहा है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लग रहे हैं वहीं घरेलू स्तरपर कुछ ऐसी स्थितियांआ जाती है जिसके बारे में हर भारतीय नागरिक को देश हित सर्वोपरकी तर्ज पर सोचानां होगा विशेष रूप से हर क्षेत्र में भारत की सेलिब्रिटीज हर क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण पद्म विभूषण पानें वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से सोचने के लिए रेखांकित होना होगा कि हमारी छोटी से छोटी असावधानी भी देश पर उंगली उठाने वालों की नजर में आ सकती है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि अभी दो दिन पूर्व महाराष्ट्र के एक भारत रत्न से नवज़ितत व्यक्तित्व के घर के सम्मुख पूर्व मंत्री औरविधायक सहित कुछ कार्यकताओं ने धरना दिया, क्योंकि उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग पर विज्ञापन किया है, जिससे प्रेरित होकर हजारों लाखों नागरिकों इस गेमिंग में जाकर अपना जीवन बर्बाद करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है और कई सैकड़ो लाखों लोगों ने अपना जीवन बर्बाद पहले ही कर दिया हो इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इस बल पर शायद हत्याएं भी हुई हो हालांकि इस के लिए शासन द्वारा भी ऑनलाइन गेमिंग को हतोत्साहित करने के लिए 30 प्रतिशत इनकम टैक्स 28प्रतिशत जीएसटी सहित कुछ कर लगाए हैं। परंतु जरूरत इसे पूर्ण रूप से बैन करने की है इसलिए भारत रत्न से अलंकृत व्यक्तित्व को यह शोभा नहीं देता कि इस तरह की विज्ञापन करें, जिसे रेखांकित करना जरूरी है। इसलिए देश की नजर उस विधायक और पूर्व मंत्री के धरने पर गई। हालांकि हम टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर देखते भी हैं कि कई बॉलीवुड के नामी सितारों द्वारा भी इस ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन अभी भी जारी है। हालांकि इसमें कोई कानूनी रूकावट या बाध्यता नहीं है परंतु राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की की तर्ज पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा ऐसा विज्ञापन करना शोभा नहीं देताहालांकि इसके पूर्व इस विधायक पूर्वमंत्री द्वारा महाराष्ट्र के माननीय सीएम को इसपर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध भी किया है। अब अनेकों स्थानों शहरों से देखने व सुनने को मिल रहा है कि इन प्रतिष्ठित सेलिब्रिटी और व्यक्तियों द्वारा किए गए विज्ञापन के खिलाफ, कटोरा लेकर भीख मांगोआंदोलन शुरू किया गया है, कहीं तैयारी शुरू है, कहीं आंदोलन शुरू है। हमारे गोंदिया नगरी में भी भीख मांगो आंदोलन की तैयारी कुछ सामाजिक कार्यकर्ता कर रहे हैं। चूंकि ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन सेलिब्रिटी व सर्वोच्च सम्मान से नवाजे बुद्धिजीवियों द्वारा करना उनके व्यक्तित्व को शोभा नहीं देता, कहीं ना कहीं राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को ठेस पहुंचती है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापन बनाम बुद्धिजीवी सेलिब्रिटी व्यक्तित्व।

साथियों बात अगर हमऑनलाइन गेमिंग विज्ञापनकर्ता एक भारत रत्न के घर पर प्रदर्शन की करें तो, प्रदर्शन करने वाले विधायक नेता ने कहा, ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन भावी पीढ़ी पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं। ऑनलाइन गेमिंग के कारण आत्महत्याएं और हत्याएं हुई हैं। इसलिए भारत रत्न होने के बावजूद इस तरह के विज्ञापन करना उनके शोभा नहीं देता। राज्य मंत्री रहे नेता ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में हमें उनपर पर गर्व है,लेकिन अगर वह भारत रत्न के रूप में ऐसे विज्ञापन करेंगे तो यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अपील करते हुए कहा, किसी को भी ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन नहीं करना चाहिए इसकी वजह से गरीब, मध्यमवर्गीय समाज तबाह हो रहा है। कई राज्यों ने इस तरह के गेमिंग पर प्रतिबंध लगाया है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## जी-20 नेताओं को आकाश को छूते भारत को दिखायेंगें

आर.के. सिन्हा

**आगामी 9-**10 सितंबर को राजधानी में जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन उस समय आयोजित हो रहा है, जब भारत को अलग-अलग क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलतायें मिल रही है। बेशक, चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग भारतीय अंतरिक्ष की दुनिया में एक गर्व का क्षण है। सैकड़ों वैज्ञानिकों की मेहनत का फल देश को अंततः मिल गया है। चंद्रयान 3 को अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। चंद्रयान 3 की कामयाबी से सारा देश गर्व महसूस कर रहा है। इसी तरह से जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देशवसियों को गौरव के फिर से क्षण दिये। वे शायद पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जिनसे देश सिर्फ गोल्ड की ही उम्मीद करता है। वे सारे देश के नायक बन चुके हैं। शायद इसीलिये नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उन्होंने 88.17 मीटर तक जैवलिन फेंका। वे इस तरह वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। नीरज की प्रेरणा के चलते हमारे दो अन्य जैवलिन थ्रोअर क्रमशः किशोर जेना पांचवें और डीपी मनू छठे नंबर पर रहे। खेलों में एथलेटिक्स को सबसे अव्वल स्थान प्राप्त है। खेलों की जननी है एथलेटिक्स। उसी एथलेटिक्स में भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों या वर्ल्ड चैंपियनशिप में एकाध बार को छोड़कर कभी कोई बड़ी सफलता नहीं लगी थी। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर साबित कर दिया था कि भारत के खिलाड़ी एथलेटिक्स में भी किसी से कम नहीं हैं। हमारे शतरंज के युवा खिलाड़ी रमेशबाबू प्रज्ञानंदा वर्ल्ड चैंपियन बनने से जरा सा के लिये रह गये। उन्हें शतरंज वर्ल्ड कप के फाइनल में हार मिली। पर उन्होंने संकेत दे दिये कि वे भविष्य के वर्ल्ड चैंपियन हैं। वर्ल्ड मिलेट वर्ष में जी-20 के मेहमानों को निश्चित तौर पर मिलेट के पकवान भी परोसे जायेगें क अब इस सकारात्मक माहौल में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।

## बेमेल शादी और पूरी बर्बादी

डॉ. सुरेश कुमार

**एक पैर** कब्र में और एक पैर जमीन पर रखकर चलने वाले बुजुर्ग दद्दू के साथ पोती जैसी लगने वाली जवां लड़की का जोड़ा शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक के पास पहुंचा। लड़की की आर्थिक तंगी, घरवालों की मजबूरी और देश के लिंगानुपात की कृपा से रब ने बना दी जोड़ी जैसी बातें किताबों में और बेमेल जोड़ियां जमीनों पर फल-फूल रही थीं। दद्दू दूल्हे के साथ शादी ने युवा लड़की की जिंदगी को सादी, चाहतों को बेमुरादी और जीते-जी मरते रहने की आदी बना दिया था।

हजारों की भीड़ में चेहरा देखकर मरीज की पहचान करने वाले डाक्टर स्टेथेस्कोप से कम और अनुभव की आंखों से ज्यादा डायग्नोसिस करते हैं। ऐसे ही एक डाक्टर के पास ये दोनों पहुंचे थे। डाक्टर को मामला समझने में देर न होगी। तुरंत उसने दादू दूल्हे को बाहर की सफेद दीवारों बतियाने के लिए भेज दिया। फिर उस युवा दुल्हन लड़की के चेहरे पर चिपकी बनावटी मुस्कुराहट उतार फेंकने और खुलकर अपने मन की बात बताने के लिए कहा, ताकि उसके मन को समझकर उसकी मनोचिकित्सा कर सके। डाक्टर ने पहले ही प्रश्न में मन के विचारों की एमआरआइ कर डाली- 'क्या आप उन्हें दिलसे चाहती हैं?' 'दिल किसे कहते हैं, मैं नहीं जानती। वैसे भी दिल से होने वाली शादियों के दिन लद चुके हैं। अब तो बस समझौते होते हैं।' युवा दुल्हन ने कहा। जब आपको रिश्ता पसंद नहीं था, तो शादी ही क्यों की? मुझे यह शादी पसंद नहीं थी, लेकिन खेत में गन्ने की फसल तैयार खड़ी हो और समय पर उसे न निकाला जाए तो आता-जाता हर व्यक्ति नजर रखता है। ऐसे में किसान उस । को फिर औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो जाता है। बस यही सिद्धांत मेरी जिंदगी पर भी लागू हुआ, बल्कि हजारों की जिंदगी पर लागू होता है। मुझे गन्ने की तरह ही किसी के हाथों बेच दिया गया। वैसे भी यहां कौन शादी पसंद-नापसंद से करता है। कुछ समझौते, तो कुछ मजबूरियों में कर दी जाती हैं। यहां मुझ जैसी कई युवा लड़कियां हैं, जो समझौतों और मजबूरियों के दुल्हों के कुचली-दवी पड़ी हैं। अगर शादियां पसंद से होने लगीं तो आधी आबादी कुंवारी ही मर जाती।



## बेहद खूबसूरत हैं प्रियंका चोपड़ा की कजिन

# मनारा चोपड़ा

## ये तस्वीरें उड़ा देंगी आपके होश

हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की दो चचेरी बहनें परिणीति चोपड़ा और मनारा चोपड़ा किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं। दोनों ही इंडस्ट्री में बतौर एक्ट्रेस अपनी छाप छोड़ चुकी हैं।

हाल ही में फिल्म प्रमोशन के दौरान डायरेक्टर के जरिए सरेआम किस किए जाने की वजह से मनारा चर्चा में बनी हुई हैं। इस बीच हम आपके लिए मनारा की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें लेकर आए हैं, जिनसे देखकर आप भी एक्ट्रेस के दीवाने हो जाएंगे।

### मनारा चोपड़ा की खूबसूरती है कमाल

साल 2014 में आई फिल्म जिद (Zid) के जरिए मनारा चोपड़ा ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। हालांकि इसके बाद मनारा ज्यादा हिंदी फिल्मों में नजर नहीं आई। लेकिन साउथ सिनेमा में उन्होंने अपने एक्टिंग करियर को जारी रखा। इस बीच हम आपके लिए मनारा चोपड़ा (Mannara Chopra) की कुछ शानदार तस्वीरें लाए हैं,जिन्हें देखकर आप भी मनारा की खूबसूरती के दीवाने हो जाएंगे। दरअसल कुछ दिन पहले मनारा चोपड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया। इन फोटो में वह पिंक कलर की स्टाइलिश साड़ी में दिखाई दे रही हैं।एक्ट्रेस की ये फोटो उनकी आने वाली साउथ फिल्म थिरागब्दरा सामी के प्रमोशन के दौरान की हैं। इन फोटो में मनारा अपने ग्लैमरस से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराने का काम कर रही हैं। इतना ही नहीं फैंस भी खुद को मनारा की तारीफ करने से नहीं रोक पा रहे हैं, जिसके चलते अदाकारा की ये फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं।





### किसिंग मामले को लेकर चर्चा में मनारा चोपड़ा

मौजूदा समय में मनारा चोपड़ा अपनी आने वाली साउथ फिल्म थिरागब्दरा सामी के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। हाल ही में इस फिल्म के डायरेक्टर एसएस रवि ने प्रमोशन के समय पर खुलेआम पैपराजी के सामने मनारा चोपड़ा को किस कर लिया,निर्देशक की इस हरकत से मनारा का हैरान करने वाला रिएक्शन सामने आया। इस मामले को लेकर फिलहाल मनारा चोपड़ा का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है।

## इस वजह से खुद को बेटी मसाबा के तलाक का जिम्मेदार समझती हैं Neena Gupta, बोली- सब मेरी गलती है...मैं एक बुरी मां हूं...



नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में आ गई हैं. हाल ही में वह ट्विंकल खन्ना के शो ट्वीक इंडिया पर बतौर गेस्ट नजर आईं. इस दौरान उन्होंने कई बातों का खुलासा किया. मसाबा ने बताया कि उनकी मां नीना गुप्ता खुद को उनके तलाक का दोषी मानती हैं.

मसाबा अपने एक्स हस्बैंड प्रोड्यूसर मधु मंतेना के बारे में बात करते हुए बताती हैं कि मेरी मां चाहती थी कि मैं जल्द से जल्द शादी कर लूं. वहीं जब मेरा तलाक हुआ, तो वह पूरी तरह से टूट गईं. मेरी मां को भरोसा ही नहीं हो रहा था कि हम अलग हो रहे हैं. वह कहती थीं कि अभी तो शुरू हुआ और अभी खत्म भी हो गया है. 2 साल ही तो हुए थे, तुम लोगों ने ज्यादा वक्त भी नहीं बिताया.

### नीना गुप्ता खुद को मानती हैं बुरी मां

मसाबा आगे कहती हैं कि मैं शादी से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहना चाहती थी, लेकिन मेरी मां इसके सख्त खिलाफ थी. जब उन्हें हमारे रिश्ते के बारे में पता चला तो उन्होंने फौरन सारा सामान पैक किया और घर से निकलने को कहा. वहीं अगले ही दिन उन्होंने मेरी कोर्ट मैरिज करवा दी. उनका मानना था कि शादी के बिना कोई भी कभी भी छोड़ के जा सकता है. वह चाहती थी कि मैं वह गलती ना करूं जो उन्होंने की थी. यही वजह थी कि वह जल्द से जल्द मेरी शादी करवाना चाहती थी.

मसाबा ने ये भी बताया कि वहीं जब मेरा तलाक हुआ तो वह बहुत दुखी हुईं. उन्होंने मुझे कहा कि ये सब मेरी गलती की वजह से हुआ है. मुझे तुम्हें शादी से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहने देना चाहिए था. मैं बहुत बुरी मां हूं. हालांकि, अब मसाबा अपने दूसरे पति सत्यदीप मिश्रा के संग खुशहाल जीवन जी रही हैं. दोनों ने इसी साल जनवरी में बड़े सिंपल तरीके से शादी रचाई थी.

## मलयालम एक्ट्रेस अपर्णा नायर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, निधन से पहले इंस्टाग्राम पर किया था आखिरी पोस्ट



मलयालम एक्ट्रेस अपर्णा नायर अपने घर में मृत पाई गई हैं. 31 साल की एक्ट्रेस की यूं अचानक मौत ने हर किसी को हैरान कर दिया है. अपर्णा ने अपने निधन से कुछ घंटे पहले ही इंस्टाग्राम पर अपनी आखिरी पोस्ट शेयर किया था जिसमें उन्होंने अपनी बेटी पर प्यार बरसाया था. फिलहाल एक्ट्रेस की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है. वहीं परिवार सहित तमाम फैंस और सेलेब्स अपर्णा के निधन से सदमे में हैं.

### गुरुवार को अपने घर में मृत पाई गई थीं अपर्णा

बताया जा रहा है कि अपर्णा गुरुवार शाम को तिरुवनंतपुरम में अपने घर पर लटकी हुई पाई गई थीं इसके बाद एक्ट्रेस को फौरन अस्पताल भी ले जाया गया था लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, ओनमनोरमा के मुताबिक, करमना पुलिस ने अननैचुरल डेथ का मुकदमा दर्ज किया है.

### मौत से पहले अपर्णा ने बेटी की तस्वीर की थी शेयर

वहीं मौत से पहले अपर्णा नायर ने इंस्टाग्राम पर अपनी छोटी बेटी की एक प्यारी तस्वीर असेंबल कर वीडियो शेयक किया था. वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने बैकग्राउंड में एक लोरी भी एड की थी. इस वीडियो को पोस्ट करने के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था, मेरी ऊर्जा, प्लेफुल लिटिल वन. बता दें कि दिवंगत एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम अकाउंट केवल उनके पति और दो बेटियों की हैप्पी तस्वीरों और वीडियो से भरा हुआ है. अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में अपर्णा ने अपने पति संजीत को मेरी ताकत भी कहा था.

### अपर्णा ने कई टीवी सीरियल और फिल्मों में किया था काम

अपर्णा पी नायर को चंदनमाझा, आत्मसाखी, मैथिली वीन्दुम वरुम और देवस्पर्शम जैसे टीवी शो के लिए जाना जाता थ. उन्होंने मेघतीर्थम, मुथुगौ, अचायन्स, कोडथी समक्षम बालन वकील और कल्कि जैसी फिल्मों में भी काम किया. अपर्णा के परिवार में उनके पति और दो बच्चे हैं.



# राम चरण

## और उपासना की बेटी Klin Kaara ने मनाया पहला वरलक्ष्मी व्रतम, व्हाइट लहंगे में क्यूट लगीं प्रिंसेस

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पावर कपल राम चरण ( Ram Charan) और उपासना कामिनेनी ( pasana Kamineni) कुछ समय पहले ही माता-पिता बने हैं। हाल ही में, कपल ने अपनी बेटी के साथ पहला वरलक्ष्मी व्रतम सेलिब्रेट किया। उपासना कामिनेनी और राम चरण जब से माता-पिता बने हैं, दोनों सातवें आसमान पर हैं। कपल अपनी बेटी क्लिन कारा (Ram Charan Daughter Klin Kaara) के साथ हर पल को खास बना रहा है। हाल ही में, कपल ने अपनी बेटी के साथ पहला वरलक्ष्मी व्रतम मनाया, जिसकी तस्वीर भी सामने आई है।

### उपासना ने बेटी क्लिन कारा संग मनाया पहला वरलक्ष्मी व्रतम

उपासना ने बेटी क्लिन कारा के साथ वरलक्ष्मी व्रतम से फोटो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तस्वीर में उपासना अपनी बेटी को गोद में लेकर मंदिर के सामने कैमरे लिए पोज दे रही हैं। इस दौरान उपासना रेड कलर के सूट में नजर आ रही हैं। वहीं, उनकी बेटी व्हाइट लहंगे में दिख रही हैं दो महीने की क्लिन लहंगा-चोली और दुपट्टे में बहुत क्यूट लग रही हैं। हालांकि, उपासना ने अपनी बेटी का चेहरा इमोजी से छुपा दिया है।

फोटो शेयर करते हुए उपासना ने कैप्शन में लिखा, मैं इससे ज्यादा और कुछ नहीं मांग सकती। मेरी क्लिन कारा के साथ मेरा पहला वरलक्ष्मी व्रतम। क्लिन कारा की ये क्यूट फोटो इंटरनेट पर मिनटों में वायरल हो गई है। लोग राम चरण की लाडली पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।

### 11 साल बाद पिता बने राम चरण

राम चरण ने अपनी कॉलेज की बेस्ट फ्रेंड और गर्लफ्रेंड उपासना से साल 2012 में शादी रचाई थी। 11 साल तक कपल लाइफ का लुत्फ उठाने वाले राम चरण और उपासना ने जून 2023 में बेटी का स्वागत किया। कपल ने अपनी बेटी का नाम क्लिन कारा रखा है। राम और उपासना अपनी बेटी के साथ अक्सर तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।

एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 03 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 22वां

# आदर्श रसोई : धूमधाम से मनाया गया वाइस चेयरमैन रामलाल उनियाल का जन्मदिन

## राकेश भारद्वाज चौक पर उनियाल परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ, चंद्रयान- 3 की सफलता का मनाया जश्न











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष का 22वाँ रविवारीय आयोजन किया गया।।

### आदर्श रसोई के वाइस चेयरमैन और गढ़वाल बेकर्स फूड चेन के मलिक रामलाल उनियाल ने विधिवत रूप से रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने दूसरे वर्ष का 22वां रविवारीय कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस बार आदर्श रसोई के वाईस चेयरमैन रामलाल उनियाल ने अपने पूरे परिवार की उपस्थिति में रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। रसोई का पहला टोकन दिया और अपने हाथों से अन्न वितरण किया।

### उनियल परिवार ने की पुष्पांजलि

उनियाल परिवार ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने उनियाल परिवार का भव्य स्वागत किया। वहीं, माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित परिवार के सदस्यों का भव्य अभिनंदन किया गया।

### क्या बोले रामलला उनियाल

इस विशेष मौके पर रामलाल उनियाल ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### 'मुझे दोस्तों के साथ जी लेने दे ए खुदा, तेरे साथ तो मरने के बाद भी रह लेंगे' : रामलाल उनियल

परिवार के भव्य स्वागत से अभिभूत श्री उनियल ने अपनी भावनायें व्यक्त की। जहां, आदर्श रसोई और श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी से जुड़े संस्मरण साझा किए तो वहीं भव्य स्वागत के लिए रसोई के सभी सदस्यों का धन्यवाद भी किया। श्री उनियल ने एक शेर पढ़ते हुए कहा कि 'मुझे दोस्तों के साथ जी लेने दे ए खुदा, तेरे साथ तो मरने के बाद भी रह लेंगे'।






### पूरे उनियल परिवार ने की शिरकत

इस मौके पर जहां पूरा उनियल परिवार मौजूद रहा तो वहीं सभी ने अपने हाथों से रसोई में अन्न का वितरण किया। राम लाल उनियल जी की धर्मपत्नी, दोनों बेटे और बहुओं के साथ साथ पोते- पोती भी इस विशेष दिन उपस्थित रहे। सभी के चेहरे पर गर्व और खुशी के भाव साफ देखे जा सकते थे।

### क्या बोले मोहन गर्ग

आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है और दूसरे वर्ष के 22 हफ्ते को बेहतरीन ढंग से आदर्श रसोई के साथियों ने आयोजित किया, जिसका मैं दिल की गहराईयों से तारीफ करता हूं। मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले एक वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। आदर्श रसोई समाजसेवा के क्षेत्र में नित आयाम स्थापित कर रही है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों का बेहद ही उत्साहपूर्वक मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है। और आगामी पीढ़ी के लिए अपने संस्कृति को समझने का मौका मिलता है।

### एक मिशन है आदर्श रसोई: प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई के प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि अन्न दान के उद्देश्य से शुरू हुई ये संस्था हम सभी के लिए एक मिशन है। निस्वार्थ भाव से जुड़े सभी साथी इसका जीता जागता उदाहरण है। आदर्श रसोई को डेढ़ वर्ष पूरा हो गया है। ईश्वर ने चाहे तो ये साथ निरंतर समाजहित में कार्य करती रहेगी। लोग खुद आगे बढ़कर आदर्श रसोई से जुड़ रहे हैं और इस पुण्य के कार्य में सामाजिक कार्यों की आहूति दे रहे हैं।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। उनियल परिवार द्वारा आदर्श रसोई का पहला टोकन देकर रसोई की शुरूआत की गयी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले,अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।























